हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 2 सितंबर 2026

सुमीत बाजार™

साडी !! उत्सव

खूबसूरती मेरी पहचान

तीजा-नुआखाई के शुभ अवसर पर

डिजिटल लिनन साड़ी
2 पीस
₹ 499
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 699

डोला सिल्क साड़ी
2 पीस
₹ 999
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 899

ब्रांडेड विशाल साड़ी
2 पीस
₹ 1199
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 999

डोला सिल्क विथ मीना साड़ी
2 पीस
₹ 1299
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 1199

सॉटन सिल्क साड़ी विथ रेडीमेड ब्लाऊज
2 पीस
₹ 1399
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 1299

5 D प्रिंटेड साड़ी
2 पीस
₹ 1499
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 1799

अनारकली साड़ी
2 पीस
₹ 1599
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 999

ब्रांडेड लक्ष्मीपति साड़ी
2 पीस
₹ 1999
मार्केट प्राइस प्रति पीस
₹ 1299

*condition apply

₹1999 की साड़ी की खरीदी पर पायें आकर्षक ट्रॉली बैग मात्र ₹80 में

रेडीमेड ब्लाऊज, ब्लाऊज पीस, पेटीकोट, अस्तर, फॉल एवं ड्रेस मटेलियल्स की संपूर्ण व्हेरायटी का विशाल कलेक्शन

और भी बहुत कुछ...

संपूर्ण पारिवारिक वस्त्रों की खरीदी पर

ब्रांडेड आयटम सिर्फ

₹80 में

₹3999 की खरीदी पर


डफल बैग

₹6999 की खरीदी पर

कम्फर्टर

₹11999 की खरीदी पर

सूटकेस

₹15999 की खरीदी पर


सूटकेस

छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग । भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा बालोद । राजनांदगांव । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव उड़ीसा - खरियार रोड । नुआपाड़ा ।। मध्यप्रदेश - बालाघाट । धामनोद ।। अतिशीघ्र शुभारंभ - रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर

FOLLOW US ON

CUSTOMER CARE - 89820 44000

www.sumeetbazaar.com

4 हजार अब भी लापता, मरने वालों का आंकड़ा भी हजार के ऊपर

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में आठ जिलों से और शव मिलने के बाद भयंकर बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर मंगलवार को 1,003 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरएमए) ने बताया कि लगभग 4,000 लोग अब भी लापता हैं, जबकि करीब 12,000 लोगों को बचाया गया है। गत 26 अगस्त को नेपाल-तिब्बत सीमा के पास हिमस्खलन की वजह से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे उत्तरी और मध्य नेपाल के कस्बों तथा गांवों में भारी तबाही हुई। हिमालयी सीमावर्ती इलाके से दक्षिण की ओर बहने वाली भोटेकोशी नदी के जरिए बाढ़ का पानी तेजी से नीचे की ओर आया, जिससे घर, गाड़ियां, सड़कें और पुल बह गए तथा पनबिजली परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा। एनडीआरएमए के अनुसार, चितवन जिले में सबसे अधिक 321 शव बरामद किए गए। इसके बाद नवलपरासी ईस्ट में 216, नवलपरासी वेस्ट में 170, नुवाकोट में 95, गोरखा में 65, धाडिंग में 57, रसुवा में 41 और तनहुन में 38 शव बरामद किए गए।

- मानसरोवर के रूट-2 पर धारचूला के लिए भी जारी की गई चेतावनी



मानसरोवर रूट-2 पर धारचूला के लिए भी चेतावनी

नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम तथा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने मंगलवार को देश के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिस्सों में बाढ़ के जोखिम को लेकर नया अलर्ट जारी किया है। प्राधिकरण ने नदियों और छोटी नदियों-नालों के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी एक सूचना के अनुसार, नुवाकोट और रसुवा जिलों में अचानक बाढ़ आने की काफी अधिक आशंका है। इन इलाकों में छोटी नदियों और जलधाराओं का जलप्रवाह बढ़ने का अनुमान है।



मानसरोवर रूट में भी सतर्कता

पश्चिमी नेपाल में भी कई जिले अलर्ट के दायरे में हैं। इनमें गोरखा, लमजुंग, डोल्पा, रुकुम पूर्व, रुकुम पश्चिम, जाजरकोट, धारचूला, बैतड़ी, डडेलधुरा, डोटी, कैलाली और कंचनपुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों में भी नदियों का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। पश्चिमी नेपाल के कुछ जिले पहले से ही भूस्खलन और बाढ़ के प्रति संवेदनशील माने जाते हैं। इसलिए यहां के निवासियों को नदी किनारे न रहने और ऊंचे स्थानों पर जाने की तैयारी रखने की सलाह दी गई है।

इधर, भारत के 17 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

सितंबर के महीने में मानसून की अच्छी बारिश होने के आसार हैं। क्योंकि गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल और उससे सटे उत्तरी तटीय ओडिशा और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने लो-प्रेशर एरिया बन रहा है। वहीं पूर्वोत्तर असम और उसके आस-पास के इलाकों में ऊपरी हवा का साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इसके असर से आज एक सितंबर से 5 सितंबर तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

अगले 5 दिन कहां और कैसा रहेगा मौसम?

आईएमडी के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 2 सितंबर को और 6 सितंबर को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 6 सितंबर तक बारिश हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान में 2 से 6 सितंबर के बीच बारिश हो सकती है।

सितंबर में छत्तीसगढ़ के लिए यह है अनुमान

आईएमडी के अनुसार, सितंबर के महीने में उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के ज्यादातर राज्यों में सितंबर महीने में बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। हालांकि पूर्वोत्तर भारत में सितंबर में बारिश अच्छी हो सकती है, लेकिन बाकी देश सूखा रहेगा।

खबर संक्षेप

ममता की भतीजी फंदे से लटकी मिलीं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भतीजी ब्रिष्टी मुखर्जी मंगलवार को बीरभूम जिले के कुसुंबा गांव के घर में फंदे से लटकी मिलीं। ब्रिष्टि, ममता के चचेरे भाई और तृणमूल नेता निहार मुखर्जी की बेटी थीं। शुरुआती तौर पर माना जा रहा है कि उन्होंने सुसाइड किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिष्टि बोलपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थीं। शिक्षक भर्ती घोटाला सामने आने के बाद 2024 में उनकी जॉब चली गई थी। इसके बाद से ही वे डिप्रेशन में थीं।



मोदी तस्वीर विवाद, राज के बेटे के खिलाफ एफआईआर

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बेटे और महाराष्ट्र नवनिर्माण विद्यार्थी सेना के अध्यक्ष अमित राज ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। 20 से 25 अज्ञात पदाधिकारियों, छात्रों एवं मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है। पुणे के चतुःश्रृंगी पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। अमित और अन्य लोगों पर पुणे के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में जबरन घुसकर हंगामा, नारेबाजी करने और लोगों को धमकाने के आरोप हैं।



दर्दनाक हादसा, छह श्रद्धालुओं की मौत

पलवल। हरियाणा के पलवल में केएमपी एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां गांव यादुपुर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्राले से टकरा गई। जिससे 6 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मृतक और घायल उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो राजस्थान के गोगामेड़ी मंदिर में दर्शन करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। हादसा मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे केएमपी एक्सप्रेसवे पर यादुपुर गांव के पास हुआ। पिकअप गाड़ी में सवार होकर मैनपुरी के श्रद्धालु राजस्थान स्थित प्रसिद्ध गोगामेड़ी मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में पाकिस्तान पर साधा निशाना

'आतंकवाद का इस्तेमाल सरकार की नीति के तौर पर करने वाले देशों का मुकाबला करे एससीओ'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से उन देशों का मुकाबला करने का आग्रह किया जो आतंकवाद का इस्तेमाल सरकार की नीति के तौर पर करते हैं। उन्होंने आतंकवाद के वित्त पोषण और आतंकियों की भर्ती के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में 'दोहरे मापदंड' को खारिज करने की भी अपील की। उनका इशारा सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर था।

एजेंसी ▶▶| बिश्केक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और कई अन्य वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में, मोदी ने एससीओ के सालाना शिखर सम्मेलन में कहा कि इस समूह को आतंकवाद के वित्तपोषण, आतंकियों की भर्ती, कट्टरपंथ और आतंकियों के पनाहगाहों के 'पूरे तंत्र को खत्म करने' के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। पश्चिम एशिया संकट पर चिंता जाहिर करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने हमेशा यह कहा है कि सभी तनावों और संघर्षों को युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) का जिक्र करते हुए कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह एससीओ चार्टर की मूल भावना है। भारत बीआरआई का विरोध करता रहा है क्योंकि इसका कुछ हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है।

खास बातें

- आतंकवाद को बताया पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती
- चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का भी किया जिक्र



पुतिन-जिनपिंग से गर्मजोशी से मिले

शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की ओर से बड़ा कूटनीतिक और सुरक्षा संदेश सामने आया है। सम्मेलन के दूसरे दिन एक तरफ जहां पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात और बातचीत देखने को मिली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद आगे बढ़कर पीएम मोदी की तरफ बढ़े और हाथ मिलाकर गर्मजोशी से बातचीत की। जब तीनों वैश्विक नेता आपस में संवाद कर रहे थे, उस दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कुछ ही दूरी पर खड़े होकर यह नजारा देख रहे थे।



ओछापन : पाकिस्तान ने एससीओ समिट की तस्वीर से मोदी को हटाया

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई एक ग्रुप फोटो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, एससीओ समिट के दौरान ली गई ग्रुप फोटो को एडिट करके प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर हटा दी गई है। हालांकि विवाद के 4 घंटे बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज ने एक्स पर एससीओ की फोटो शेयर की है। इसमें पीएम मोदी भी नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह तस्वीर किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में ली गई थी। इसमें सदस्य देशों के नेता एक मंच पर खड़े नजर आ रहे हैं। मूल तस्वीर में मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत 12 नेता दिखाई दे रहे हैं।



वहीं, एडिटेड तस्वीर में सिर्फ 6 नेता दिख रहे हैं। मोदी, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत 6 नेताओं को हटा दिया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी एससीओ समिट का ग्रुप फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें शहबाज शरीफ नजर आ रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने झटका देते हुए 17 सितंबर तक के लिए टाली सुनवाई

ओबीसी क्रीमी लेयर, नहीं मिली सरकार को राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओबीसी क्रीमी लेयर मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें केंद्र सरकार ने 11 मार्च को दिए गए आदेश में तत्काल राहत की मांग की। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल कोई भी राहत देने से इनकार करते हुए सुनवाई को 17 सितंबर तक के लिए टाल दिया है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। दरअसल, केंद्र सरकार 11 मार्च को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश में बदलाव और साथ ही क्रीमी लेयर की परिभाषा में भी बदलाव की मांग कर रही है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।



सरकार ने बताया था फैसले का यह है मामला

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च 2026 को दिए अपने फैसले में साफ किया था कि ओबीसी में क्रीमी लेयर तय करने के लिए केवल माता-पिता की वेतन आय को एकमात्र आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने कहा था कि पीएसयू, बैंक या निजी क्षेत्र में काम करने वाले माता-पिता के वेतन को आधार मानकर बच्चों को केवल इसलिए आरक्षण के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकता, क्योंकि उनकी सैलरी तय सीमा से अधिक है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने माना था कि इस तरह का भेद करना संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता के सिद्धांत के खिलाफ है।

सॉलिसिटर जनरल ने यह कहा था पहले

इससे पहले 26 अगस्त को हुई सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्र इस फैसले की समीक्षा या संशोधन नहीं चाहता, बल्कि अदालत को पिछली तारीख से लागू करने में आने वाली जमीनी स्तर की कठिनाइयों से अवगत कराना चाहता है। उन्होंने कहा था कि इसके लिए ओबीसी उम्मीदवारों के पुराने बैचों की श्रेणी को नॉन-क्रीमी लेयर में बदलना होगा और सिविल सेवाओं में कैडर, पद और सेवा में बदलाव करना जरूरी होगा।

दूरगामी प्रभाव : केंद्र सरकार का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के फैसले को उचित नीतिगत हस्तक्षेप के बिना लागू किया जाता है, तो इसका केंद्र सरकार के साथ-साथ 18 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा की जाने वाली सरकारी भर्तियों और उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

न्यूयॉर्क में वारदात, पुलिस ने मारी गोली

टाइम्स स्क्वायर पर महिला ने की चाकूबाजी, एक की मौत



न्यूयॉर्क। अमेरिका की न्यूयॉर्क सिटी के टाइम्स स्क्वायर पर एक महिला ने अचानक दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस ने हमलावर महिला को गोली मार दी, जिससे उसकी भी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को हुई यह घटना वन टाइम्स स्क्वायर के ठीक बाहर न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक उप केंद्र के पास हुई। न्यूयॉर्क पुलिस ने सोमवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि क्वींस की रहने वाली 49 वर्षीय पामेला सिस्नेरोस ने एक बैग से दो चाकू निकाले और पहले 68 वर्षीय एक व्यक्ति के पेट में चाकू मार दिया। इसके तुरंत बाद उसने मुड़कर 32 वर्षीय एक महिला के पेट में भी चाकू मार दिया।

दिमागी हालत ठीक नहीं

पुलिस आयुक्त जेसिका टिश ने बताया कि अधिकारियों ने महिला को चाकू नीचे रखने के लिए समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद दो पुलिस अधिकारियों ने महिला पर गोली चला दी। टिश ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड में महिला के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख है, लेकिन उसे पहले कभी गिरफ्तार नहीं किया गया था।

सर्वाधिक पर्यटक वाला इलाका है टाइम स्क्वेयर

टाइम्स स्क्वायर न्यूयॉर्क के उन इलाकों में शामिल है, जहां सबसे ज्यादा पर्यटक आते हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहते हैं। वन टाइम्स स्क्वायर वही इमारत है, जहां शहर में हर बार नए साल की पूर्व संध्या के 'बॉल ड्रॉप' समारोह का आयोजन होता है।

गरीब-दलित, अल्पसंख्यकों की बात करना दिमागी नक्सल नहीं : पित्रोदा

नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और केंद्र सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'दिमागी नक्सल' वाले बयान पर कहा कि गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के पक्ष में बोलना नक्सलवाद या कम्युनिज्म नहीं है। 15 अगस्त के भाषण में मोदी ने कहा था कि देश से नक्सलवाद खत्म हो गया, लेकिन दिमागी नक्सल अभी भी मौजूद हैं। पित्रोदा ने कहा कि इंसानियत को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए और सभी लोग एक ही जगह से आए हैं। वहीं, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और यहूदी लोगों से पूछना चाहिए कि वे आज भारत में कैसा महसूस करते हैं।

रूस ने कीव को लगातार छठे दिन बनाया निशाना

यूक्रेन में बड़ी एयर स्ट्राइक भारतीय सहित 12 की मौत



कीव। रूस ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात लगातार छठे दिन यूक्रेन की राजधानी और उसके आस-पास के इलाकों को हवाई हमलों से निशाना बनाया। इन हमलों में तीन बच्चों और एक भारतीय सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि गत चार साल में पहली बार रूस अप्रत्याशित तौर पर लगातार छह दिन से इतने बड़े पैमाने पर हमला कर रहा है। रूस का उद्देश्य आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को बाधित कर यूक्रेन को कमजोर करना है। यूक्रेन में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआती हुई और ठीक उसी समय रूस ने कीव और यूक्रेन के आठ अन्य इलाकों पर क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल, जेट-इंजन युक्त ड्रोन, ग्लाइड बम और तोपों से हमले किए।

रिहायशी इमारतों पर अटैक

अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में कीव के कई जिलों में आम लोगों के इस्तेमाल की जगहों और रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया गया। हमले में शहर में अंदर आठ लोगों की मौत हुई और आस-पास के इलाके में तीन अन्य लोग मारे गए। सरकारी रेलवे कंपनी 'उक्रजालिज्नित्सिया' के अध्यक्ष ओलेक्जेंडर पर्तसोव्स्की ने सोशल मीडिया पर बताया कि कीव में एक बैलिस्टिक मिसाइल के डिपो और अन्य परिसरों से टकराने से कंपनी के छह कर्मी मारे गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेनाओं ने रात भर यूक्रेन पर 'सटीक निशाना लगाने वाले हथियारों' और लंबी दूरी के ड्रोन से 'हमला' किया। मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में हथियार विनिर्माण इकाइयों और भंडारों के साथ-साथ सेना से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया।

महाराष्ट्र एसआईआर : नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर किया हमला

'मकसद है भाजपा को जिताना, यह चुनाव आयोग नहीं वोट चोरी आयोग'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया के बाद महाराष्ट्र की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 2,06,88,487 मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हो पाए हैं। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। गांधी ने कहा कि 'यह चुनाव आयोग नहीं वोट चोरी आयोग है। 'वोट चोरी' के जरिए बनी सरकार के लिए जनता महत्वपूर्ण नहीं है। यही वजह है कि भाजपा न तो लोगों की बात सुनती है और न ही उनके आदेश का पालन करती है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भाजपा और 'वोट चोरी आयोग' अपनी चालें बदलते रहते हैं और आगे भी ऐसा ही करेंगे - मकसद बस एक ही है: किसी भी कीमत पर भाजपा की जीत और भारत के लोकतंत्र का खात्मा।'

एसआईआर में नाम कटने से सियासी घमासान



चुनाव आयोग का स्पष्टीकरण

अधिकारियों के मुताबिक, बड़ी संख्या में मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, घर बदल चुके थे, उनकी मृत्यु हो चुकी थी या उनके नाम डुप्लीकेट थे। वहीं, जिन पात्र मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें 30 सितंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया है। अंतिम मतदाता सूची 4 नवंबर को जारी होगी। अधिकारियों ने बताया कि कुल 2,06,88,487 लोगों को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है।

2.06 करोड़ से ज्यादा नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के बाद तैयार की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2.06 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हैं। यह संख्या महाराष्ट्र के पिछले वोटर बेस का 21.14 प्रतिशत है। राज्य के चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अब 7.71 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं, जो पिछले वोटर बेस का 78.86 प्रतिशत है।

महाराष्ट्र, बंगाल और 2024 के चुनावों का किया जिक्र

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल ने कहा, 'महाराष्ट्र 2024 -अचानक, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच 39 लाख नए वोटर्स जोड़े गए। मैंने तब भी कहा था और आज भी कह रहा हूं: यह वोट चोरी थी।' उन्होंने आगे कहा, 'बंगाल 2026 – एसआईआर में जिन लोगों के नाम हटाए गए थे, उनमें से 91% को अपील के बाद वापस जोड़ना पड़ा। इसका मतलब है कि हर 10 में से 9 नाम गलत तरीके से हटाए गए थे और चुनाव के बाद ही उन्हें वापस जोड़ा गया।

राहुल ने पूछा- कौन सी वोटर लिस्ट सही थी?

राहुल ने महाराष्ट्र की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, 'और अब महाराष्ट्र में, ड्राफ्ट लिस्ट से 2.07 करोड़ वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं - यानी हर पांचवां वोटर लिस्ट से बाहर है।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'लोकसभा 2024: 9.29 करोड़; विधानसभा 2024: 9.7 करोड़; **SIR** 2026: 7.78 करोड़। कौन सी लिस्ट सही थी?'

मछली भोज मामला

राय ने योगी के खिलाफ किया मानहानि का केस

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अयोध्या में मछली खाने के आरोप को लेकर शुरू हुआ विवाद अब अदालत पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। अजय राय मंगलवार को लखनऊ सिविल कोर्ट पहुंचे और इस मामले में मानहानि का दावा दाखिल किया। कांग्रेस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, अजय राय अयोध्या में मछली खाने को लेकर लगाए गए आरोपों से आहत हैं। उनका कहना है कि उनके खिलाफ मछली खाने का झूठा आरोप लगाया गया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। इसी को लेकर उन्होंने कानूनी रास्ता अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मामला अयोध्या में अजय राय के लिए कथित तौर पर आयोजित 'मछली भोज' से जुड़े आरोपों से संबंधित है। इस मुद्दे को लेकर पिछले दिनों राजनीतिक बयानबाजी भी हुई थी।



शिक्षक दिवस काउंटडाउन-2 सितंबर



गुरवः सर्वश्रेष्ठा भवन्ति ज्ञानदायिनः।
तेषां वन्दनमेकाग्रं कुर्यात्भक्त्या सदा नरः॥

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

पुरस्कार एक सम्मान है, आपके ज्ञान, सेवा और समर्पण के लिए पर इस राज्य स्तरीय पुरस्कार से इतर भी ऐसे सम्मानीय शिक्षक मौजूद हैं, जिन्होंने अपनी विलक्षण दक्षता और प्रगतिवादी सोच से कुछ गढ़ा है, हम उन शिक्षकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी इस सोच और सेवा को हरिभूमि के साथ साझा करें, जिसे हम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रकाशित करेंगे। इस व्हाट्सएप नंबर पर वे 4 सितंबर तक फोटोग्राफ्स के साथ अपने किए कामों का ब्योरा भेज सकते हैं।

हरिभूमि व्हाट्सएप 6268747629 | अंतिम तिथि 4 सितंबर

कोचिंग माफियाओं का साम्राज्य खत्म करने सरकारी स्कूल में ही जुटाई सुविधाएं, रेलवे में पद ठुकराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, सामुदायिक सहभागिता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने वाले शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोटिया के शिक्षक पवन कुमार सिंह को राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025-26 से सम्मानित किया जाएगा। अपने विद्यालय में जनसहभागिता

⏭शेष पेज 5 पर

मल्टीमीडिया, एआई आधारित शिक्षा पर जोरः शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के बाद उन्होंने विद्यालय को संसाधनयुक्त बनाना, विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन देना, समुदाय को विद्यालय से जोड़ना,

⏭शेष पेज 5 पर

ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स की शाला वापसी के लिए घर-घर भटके

अब आठ गांवों के छात्र आते हैं पढ़ने



कवर्धा। सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण विद्यालय में यदि शिक्षक संकल्प और नवाचार के साथ काम करे तो शिक्षा की तस्वीर बदली जा सकती है। इसका उदाहरण हैं विकासखंड पंडरिया के शासकीय हाईस्कूल सोमनापुर नया के व्याख्याता संतोष कुमार साहू। इसीलिए उनका चयन वर्ष 2025-26 के राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए हुआ है। शिक्षक दिवस 5 सितंबर 2026 को उन्हें

⏭शेष पेज 5 पर



केंद्र सरकार की ताजा 'सॉइल हेल्थ कार्ड' रिपोर्ट से खुलासा

छत्तीसगढ़-मप्र की जमीन 'बीमार' मिट्टी में पोषक तत्वों का अकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/भोपाल

बच्चों और महिलाओं में हो रही है खून की कमी

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में किसान अपनी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए खेतों में बेतहाशा रासायनिक खाद डीएपी का उपयोग कर रहें है, उनकी इस कोशिश से फसल उत्पादन भले ही बढ़ जाए लेकिन मिट्टी की सेहत तेजी से खराब हो रही है। इसका सीधा असर अब आम आदमी की थाली पर भी हो रहा है। यह खुलासा केंद्र सरकार की ताजा 'सॉइल हेल्थ कार्ड' रिपोर्ट (सत्र 2026-27) ,से हुआ है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि हमारी मिट्टी का पाचन तंत्र बुरी तरह बिगड़ चुका है।

हरिभूमि सरोकार

क्यों बढ़ रही है खाद की खुराकः खेती की सेहत का सबसे बड़ा आधार 'ऑर्गेनिक कार्बन' (जैविक तत्व) होता है। जिस तरह इंसान का पाचन तंत्र कमजोर होने पर भारी

⏭शेष पेज 5 पर

अनाज से पोषक तत्व गायब!

मिट्टी की इस बदहाली का खामियाजा केवल किसान की जेब को ही नहीं, बल्कि शहरों और गांवों में रहने वाले आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को भी भुगतना पड़ रहा है। खेत में जिन सूक्ष्म तत्वों की कमी हो रही है, वही पोषक तत्व हमारी थाली से भी गायब हो रहे हैं। अनाज में प्रोटीन की कमी फसलों को सही मात्रा में नाइट्रोजन और सल्फर न मिलने के कारण गेहूं, चावल और दालों में नेचुरल प्रोटीन का निर्माण कम हो रहा है। गेहूं के आटे की रोटियों का स्वाद और गुणवत्ता घटने के पीछे यह मुख्य वजह है।



नाइट्रोजन का अकाल

छत्तीसगढ़ की 82.88% और एमपी की 70.70% खेतों में नाइट्रोजन की भारी कमी है। इसी वजह से किसान को हर बार फसल हरी रखने के लिए यूरिया की मात्रा बढ़ानी पड़ती है। मिट्टी में जैविक कार्बन कम होने के कारण फसलें डाली जा रही रासायनिक खाद को पूरी तरह नहीं सोख पातीं। नतीजा यह होता है कि आधी खाद पानी में बह जाती है या हवा में उड़ जाती है, और किसान का खर्च लगातार बढ़ता जाता है।

मिनरल की कमी के कई कारण

हमारे शरीर में उम्र के साथ शरीर में मिनरल की कमी होती जाती है, लेकिन एक बात सच है कि मिनरल की कमी बहुत से कारणों से होती है। मिनरल की कमी के कारणों में यह बात शामिल है कि हम कब उसे खाते हैं, उसे कब बनाते हैं, यह उस पर भी निर्भर करता है।

-शिल्पी गोयल, डायटिशियन

तेल और दालों पर मार

छत्तीसगढ़ में 33.75% और एमपी में 21.08% जमीन में सल्फर की कमी है। इससे सोयाबीन, सरसों और मूंगफली में तेल का प्रतिशत घट रहा है और दालों का पोषण मूल्य प्रभावित हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, केवल यूरिया और डीएपी डालने से समस्या का हल नहीं निकलेगा। किसानों के लिए सलाह ये है कि मिट्टी में गोबर खाद, वर्मीकंपोस्ट और हरी खाद (ढैंचा/सनई) का इस्तेमाल बढ़ाएं ताकि जैविक कार्बन सुधरे। केवल एनपीके के बजाय मिट्टी की जांच रिपोर्ट के आधार पर जिंक सल्फेट और सल्फर युक्त खाद का इस्तेमाल करें।

जनहित के मुद्दों पर चर्चा

केसीजी जिले में हरिभूमि आईएनएच का संवाद 5 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



संतोष पांडेय

प्रदेश की भाजपा सरकार के ढाई साल पूरे होने के अवसर पर हरिभूमि-आईएनएच द्वारा जिला स्तर पर जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आगामी 5 सितंबर को प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विगत ढाई वर्ष के दौरान खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले में किए गए विकास कार्यों एवं आने वाले समय में प्रगति की संभावनाओं के साथ ही जनहित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में सांसद

⏭शेष पेज 5 पर

भूपेश के पीए और पूर्व पटवारी के घर पर ईडी की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पीए रहे केके चंद्रवंशी और पूर्व पटवारी कमलेश सिंह राजपूत के यहां मंगलवार की सुबह वाहनों में अचानक ईडी की टीम पहुंची। उनके साथ पैरामेडिकल फोर्स भी पहुंची। कहा जा रहा है कि सीजीपीएससी से जुड़े मनी लांड्रिंग केस के सिलसिले में यहां पड़ताल की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम दो वाहनों में सवार होकर

⏭शेष पेज 5 पर

ईडी ने अपर कलेक्टर चेतन बोरघारिया से की पूछताछ

बलरामपुर। जिले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम के पहुंचने से प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम दो वाहनों से बलरामपुर पहुंची और सीधे सर्किट हाउस गई। यहां अपर कलेक्टर चेतन बोरघारिया को बुलाकर टीम द्वारा पूछताछ किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि सर्किट हाउस के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। ईडी

⏭शेष पेज 5 पर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आज होंगे रिटायर

न्याय के साथ जन सरोकार की आवाज़ बने चीफ जस्टिस सिन्हा

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा 4 सितंबर 2026 को रिटायर हो रहे हैं। 29 मार्च, 2023 को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में उन्होंने शपथ ली थी। अपने तीन साल पांच महीने के इस कार्यकाल को उन्होंने ऐतिहासिक बना दिया। उनके नेतृत्व में 89 जन सरोकार से जुडी स्वतः संज्ञान जनहित याचिकाएं (पीआईएल) शुरू की गईं। इनमें से 49

⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर

- 3 साल 5 महीने में 89 स्वतः संज्ञान,1.83 मामलों का निराकरण किया
- एयरपोर्ट, सड़क,स्वास्थ्य से लेकर मुक्तिधाम तक लिया संज्ञान
- सख्ती, संवेदना और सक्रिय न्यायपालिका का असर देखा जनता ने



जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा

प्रमुख पहल

- रोस्टर प्रणाली लागू की गई, जिससे एकल एवं खंडपीठों का पर्याप्त गठन सुनिश्चित हुआ
- लंबित मामलों की महत्वपूर्ण श्रेणियों के लिए विशेष एकल पीठों का गठन किया गया।

⏭शेष पेज 5 पर

जस्टिस मोहपात्रा होंगे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नए चीफ जस्टिस

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की जगह अब ओडिशा हाईकोर्ट के जस्टिस कृष्णा राम मोहपात्रा नए चीफ जस्टिस होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के. अग्रवाल को राजस्थान हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने दोनों की

⏭शेष पेज 5 पर



जस्टिस कृष्णा राम मोहपात्रा



जस्टिस संजय के. अग्रवाल

चिंतन

बच्चों के हित में सुप्रीम फैसला

बच्चों के हित में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। इससे नीट-यूजी विवाद में उलझे हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। 20 से 25 जुलाई के प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में सभी प्राथमिकी रद्द करने और इसी अवधि के प्रदर्शनों के संबंध में नई प्राथमिकी दर्ज न करने का आदेश यह बताता है कि कानून के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी जरूरी है। प्रश्नपत्र लीक या परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका से पहले ही विद्यार्थियों का भरोसा डगमगाता है, ऐसे में विरोध करने वाले युवाओं पर मुकदमों का बोझ डालना उनके भविष्य को और संकट में डाल सकता है। अब सरकार की असली जिम्मेदारी परीक्षा व्यवस्था में भरोसा बहाल करने की है। न्यायिक राहत तभी सार्थक होगी, जब नीट जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। नीट कोई सामान्य परीक्षा नहीं है। इसके लिए विद्यार्थी वर्षों तक दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में प्रश्नपत्र लीक होने या परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी की खबर विद्यार्थी के लिए सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि उसकी वर्षों की मेहनत पर सीधा आघात होती है। जब व्यवस्था पर भरोसा टूटता है तो आक्रोश स्वाभाविक है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध इसी आक्रोश को व्यक्त करने का संवैधानिक रास्ता है। हालांकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 2,873 लोगों के खिलाफ नए मामले दर्ज करने की अनुमति देकर अदालत ने यह संदेश दिया है कि आंदोलन की आड़ में कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं दिया जा सकता। लोकतांत्रिक अधिकार अराजकता का लाइसेंस नहीं हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसा, तोड़फोड़ अथवा गंभीर आपराधिक कृत्य के बीच फर्क करना जरूरी है। कानून का शासन तभी मजबूत होगा, जब अधिकार और जिम्मेदारी दोनों साथ चलेंगे। इस पूरे प्रकरण में सरकार और प्रशासन को भी आत्ममंथन करना चाहिए। जब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और दिल्ली पुलिस के साथ महाराष्ट्र, असम, बिहार तथा पश्चिम बंगाल की ओर से प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई, तो सवाल उठता है कि यह समाधान पहले क्यों नहीं खोजा गया? किसी विद्यार्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना उसके लिए वर्षों तक चलने वाला मानसिक दबाव बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट का आत्महत्या करने वाले नीट अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए देशव्यापी मुआवजा नीति बनाने का निर्देश इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है। सरकार की यह जिम्मेदारी जरूर है कि ऐसी त्रासदियों को केवल आंकड़ों में बदलने के बजाय उनके पीछे छिपे दर्द को समझे। प्राथमिकी रद्द होना तत्काल राहत है, लेकिन नीट की विश्वसनीयता बहाल करना असली चुनौती है। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें विद्यार्थी को न्याय के लिए आंदोलन का सहारा लेने की नौबत ही न आए। परीक्षा व्यवस्था जितनी पारदर्शी होगी, उतना ही विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा मजबूत होगा। इस फैसले के बाद 5 सितंबर का प्रस्तावित मार्च वापस लिया जाना भी सकारात्मक संकेत है। इसका अर्थ है कि टकराव के बीच भी संवाद का रास्ता खुला रह सकता है। असहमति लोकतंत्र का संकट नहीं है; असहमति को सुनने से इनकार करना संकट जरूर बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने विद्यार्थियों को मुकदमों के बोझ से राहत देकर एक जरूरी संदेश दिया है। युवा केवल परीक्षा देने वाले चेहरे नहीं, देश का भविष्य हैं। उनकी मेहनत पर सवाल उठे तो व्यवस्था को जवाब देना होगा। न्याय की सबसे बड़ी कसौटी यही है कि देश का हर विद्यार्थी यह भरोसा लेकर परीक्षा दे कि उसकी मेहनत सुरक्षित है और व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।



मुद्दा
अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है।

भागवत के अमेरिकी कार्यक्रम के फलितार्थ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है। यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम ने अमेरिकी सरकार से संघ के सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने और भारत में कथित धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघनों को लेकर मोहन भागवत का वीज़ा रद्द करने तक पर विचार करने का आग्रह कर दिया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत आयोग की टिप्पणियों को ख़ारिज करते हुए इसे पक्षपाती और विश्वसनीयता से रहित संस्था बताया था। वॉशिंगटन स्थित इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने ऐसा वैन निकाला जिसमें वीडियो स्क्रीन लगा था और जो मैनहैटन की सड़कों पर घूमकर कार्यक्रम के विरुद्ध प्रचार कर रहा था। हालांकि इसका परिणाम हुआ कि अमेरिकी मीडिया में इस कार्यक्रम को बिना कोशिश के लगातार कवरेज प्राप्त हो गया। ऐसा नहीं था कि सब कुछ एकपक्षीय था। उदाहरण के लिए अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मदनानी और विरोधियों की आलोचना की। ऐसी प्रतिक्रिया देने वाले और भी कई अमेरिकी प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे। वस्तुतः इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन 'हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' फोरम ने किया था। संगठन ने बयान जारी कर बताया कि यह कार्यक्रम 200 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसका आधार वसुधैव कुटुम्बकम है। विरोध अभियानों के विपरीत आयोजक की एक प्रवक्ता ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इसका मतलब है कि हमारे बीच गहरे मतभेद भी हो सकते हैं, लेकिन फिर भी हम संवाद, सम्मान और अपनी साझा मानवता को चुन सकते हैं। यह एक बयान ही दोनों पक्षों के चरित्र में गुणात्मक अंतर को दर्शाने वाला था। अब जरा कार्यक्रम की ओर आयें। संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है और इसके तहत देश और विदेश दोनों जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। इसका विषय क्या था? यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन यानी 'एक विश्व - एक मानवता उत्सव'। आप सोचिए, आज विश्व के संदर्भ में संपूर्ण विश्व की विविधताओं के बीच एकता के उत्सव से बड़ा विश्व कल्याण की दृष्टि से प्रासंगिक कार्यक्रम क्या हो सकता था? संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने अधिकृत बयान में स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का आयोजन खुले संवाद की भावना से किया गया है।

सरसंघचालक अलग-अलग संस्कृतियों और धर्मों से जुड़े लोगों के सामने अपनी बात रखेंगे। यह कार्यक्रम खुले संवाद और एक-दूसरे के सम्मान की भावना से आयोजित किया गया है जो भारतीय' विचार को दर्शाता है। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ - साथ 30 देशों के, 16 विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि 180 से अधिक



आध्यात्मिक / धार्मिक क्षेत्र के प्रमुख लोग भी थे। वास्तव में भागवत ने अपने संबोधन में उसी भाव को सामने रखा जो कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। यहां उनमें विस्तार से नहीं जा सकते किंतु कुछ पंक्तियों का उल्लेख आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाइयां नहीं एक दायित्व का निर्वाह करते हैं। भारत का दायित्व है कि वह विविधता में एकता के इस सत्य का साक्षात्कार करे और समय-समय पर संसार को भी इस सत्य का साक्षात्कार कराए। वननेस क्या है, इसका उत्तर देते हुए भागवत ने कहा कि भौतिक सुख स्थायी सुख या समाधान नहीं हैं। सच है कि केवल भौतिक सुख और उपलब्धियों के कारण ही व्यक्ति, समाज , राष्ट्रों के बीच समस्याएं बढ़ीं हैं। मैं आप में हूं, और आप मेरे में हैं, हम सब एक दूसरे में समाये हैं, यही वननेस है। भारतीय होने के नाते हमें संपूर्ण विश्व के कल्याणार्थ इस विचार को अपने आचरण से फैलाना है।

आप सोचिए, इस तरह के संबोधन में किस पहलू का विरोध हो सकता है? अमेरिका की धरती पर उन्होंने यह भी कहा कि विश्व में दो प्रकार के लोग हैं। एक कहते हैं, 'जियो और जीने दो'। दूसरे कहते हैं कि 'मात्र उन्हीं को जीने का अधिकार हैं, जो हमारी बात मानते हैं। हम उन्ही की रक्षा करेंगे, जो हमारे मत को मानेगा'। हिंदुत्व या हिंदू विचार या भारतीय विचार किसी को भी तीखा बोलकर विरोधी बनाने या चोट पहुंचाने की बात नहीं करता बल्कि सकारात्मक बातों से उसकी सोच बदलने का रास्ता दिखाता है। यही उन्होंने अमेरिका की भूमि से संदेश दिया। सभी धर्म के प्रति सम्मान के साथ कोई यह सोचे या चाहे कि दूसरे पंथ के लोग उसके देश में वह हिंदू नहीं हो सकता। कोई भारत में पैदा हुआ या मूल रूप से भारतीय है वह अमेरिका में रहता है तो वह कैसा व्यवहार करें? उन्होंने कहा कि जो लोग भारत से बाहर दूसरे देशों में बसे हैं, वह देश उनकी कर्मभूमि हैं। अगर हम अमेरिका में हैं तो अमेरिका का ही हिस्सा हुए। हमें अपनी कर्मभूमि के प्रति पूरी तरह प्रामाणिक रहना चाहिए। किंतु क्योंकि आप भारतवंशी है, वह आपके पुरखों की जन्मभूमि हैं। इसलिए भारत के लिए कुछ करना संभव है तो अवश्य करें, किंतु आपकी जन्मभूमि आपसे अपेक्षा करती है कि जिन मूल्यों को लेकर आपका, आपके पुरखों का जीवन बना है, उन मूल्यों के साथ आप अपनी कर्मभूमि में कार्य करें। सच कहें तो संघ, हिंदुत्व, हिंदू और भारत के वास्तविक व्यापक दृष्टिकोण को रखकर भावगत में विरोधियों को निःशब्द किया। किंतु जिन्हें कुछ मानना ही नहीं है और जिनके अंदर रोग के स्तर पर संघ का विरोध है, वह न पहले माने हैं न आगे मानेंगे। वे जो कुछ बोलते हैं, प्रचारित करते हैं, लिखते हैं, वह सब झूठ पर आधारित होता है। सीमाओं के बाहर कोई भी व्यक्ति भले किसी संगठन और विचार का हो अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। इस रूप में भागवत का उद्बोधन संघ संगठन की सीमाओं तक सीमित न होकर भारतीय विचार और भारत के पक्ष को सही संदर्भ में रखने वाला माना जाएगा, तो हम इसे ही संघ का चरित्र और ध्येय क्यों नहीं माने।

वस्तुतः कोई माने या ना माने, संघ के शीर्ष पदाधिकारी हमेशा इसी विचार को आगे बढ़ने का वक्तव्य देते और आचरण करते दिखते हैं। इसीलिए आप देखेंगे कि इतने विरोध और निंदा के बावजूद सामान्यतः वे इनका उत्तर देने या खंडन करने का व्यवहार नहीं अपनाते। भारत में संघ का अभी तक यही चरित्र रहा है और विश्व के कार्यक्रमों के संदर्भ में भी किसी विरोध के प्रत्युत्तर की कोई कोशिश तक नहीं हुई। यह ऐसा व्यवहार है जिससे देश और विदेश के विरोधियों को सीखना चाहिए। इसी से संघ का समर्थन लगातार बढ़ता है। अमेरिका में उस तरह का कार्यक्रम स्वयं उन संगठनों के वश की बात नहीं जो विरोध का झंडा उठाए हुए थे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विमर्श
प्रो आर .सी . कुहाड़



मेरी बोली : मेरा अभिमान

भारत की आज़ादी के अस्सी वर्ष पूरे होने को हैं। ये अस्सी वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता-संघर्ष, राष्ट्र-निर्माण और विकास-यात्रा के गहरे पड़ाव हैं। इन वर्षों में हमने क्या खोया, क्या पाया और कहां से कहां पहुंचे, इसका निष्पक्ष मूल्यांकन ही हमारी आजादी की यात्रा को समझने में सहायक हो सकता है। साथ ही यह प्रश्न भी हमारे सामने है कि हमें कहां जाना है और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा भारत रचने का संकल्प लेना है। स्वतंत्रता का यह अवसर हमें अपनी संस्कृति, परम्पराओं, मूल्यों और भाषायी विरासत का स्मरण कराते हुए राष्ट्र के भविष्य-निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा देता है। आज़ादी का वास्तविक अर्थ क्या है, यह प्रश्न आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कभी था। संविधान की प्रस्तावना में निहित "हम भारत के लोग" जैसे शब्द लोकतंत्र, समानता, सहभागिता और सामूहिक उत्तरदायित्व के अनेक अर्थ अपने भीतर समेटे हुए हैं। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं कि हम आज़ादी का उत्सव कैसे मनाएं, बल्कि यह भी है कि हम उसके वास्तविक उद्देश्यों को अपने जीवन और समाज में किस प्रकार साकार करें। जब मैं आम आदमी की बात करता हूँ, तो मेरा ध्यान सहज ही उसकी बोली-वाणी की ओर चला जाता है,उस बोली की ओर जिसे हम अपना अभिमान और दूसरे शब्दों में अपना स्वाभिमान कह सकते है और आज के इस विमर्श का विषय "मेरी बोली : मेरा अभिमान" मनुष्य और सभ्यता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। 'मेरी बोली' से अभिप्राय उन सभी भाषाओं और बोलियों से है जो सबसे पहले हमें बोलना सिखाती हैं। बोली के बिना हमारी पहचान अधूरी रह जाती है। बोली है, इसलिए हम अपनी परम्पराओं से जुड़े रहते हैं। बोली के माध्यम से ही हम अपनी परम्पराएँ अगली पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। जिस प्रकार वृक्ष अपनी जड़ों से पोषण पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य और समाज अपनी भाषा और बोली से सांस्कृतिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अपनी ही भाषा में शिक्षा अधिक सहज और प्रभावी होती है। जटिल विषयों को भी अपनी भाषा में सरलता से समझाया जा सकता है। भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, ज्ञान को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त साधन भी है। भारत विविधताओं का देश है। "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी", यह कहावत हमारी भाषायी विविधता की सुंदरता को अभिव्यक्त करती है। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1652 भाषाएं और बोलियां बोली जाती थीं। आज भी अनेक बोलियां अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। कुछ बोलियों में बोलने वालों की संख्या बहुत कम रह गई है। भाषा बहते जल के समान है। जो बोली समय और समाज के साथ संवाद बनाए नहीं रख पाएगी, उसके सामने धीरे-धीरे विलुप्त होने का खतरा बना रहता है। इन बोलियों का मूल स्वरूप, लोक-साहित्य, लोक-स्मृति और सांस्कृतिक खजाना तभी सुरक्षित रह सकता है, जब हम सामूहिक प्रयास करें। बोलियों के साहित्य और मौखिक परम्पराओं को नए माध्यमों से सामने लाना आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के महत्व को उचित स्थान दिया गया है। त्रिभाषा सूत्र का मूल उद्देश्य भाषायी विविधता को समझना और विभिन्न भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। बोली और भाषा में सुरक्षित विशाल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भाषा और बोली के संरक्षण, प्रयोग और विकास में भूमिका निभानी चाहिए। आज, जब हम स्वतंत्रता के अस्सीवें वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, "मेरी बोली : मेरा अभिमान" का विचार और अधिक प्रासंगिक हो गया है। वैश्वीकरण, इंटरनेट, सोशल मीडिया, डिजिटल शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने संचार की सीमाएं लगभग समाप्त कर दी हैं। यह परिवर्तन चुनौती भी है और अवसर भी। यदि हमारी बोलियां डिजिटल दुनिया में दर्ज नहीं होंगी, यदि उनमें साहित्य, लोककथाएं, गीत, कहावतें और ज्ञान सुरक्षित नहीं किया जाएगा, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक स्मृतियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित हो सकती हैं। अपनी बोली को बचाने का अर्थ केवल उसे बोलते रहना नहीं, बल्कि उसे लिखना, पढ़ना, शोध का विषय बनाना,संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। अपनी बोली से प्रेम करना किसी दूसरी भाषा का विरोध नहीं है। भारत की शक्ति उसकी भाषायी विविधता में निहित है। अंग्रेज़ी, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करते हुए अपनी मातृबोली को भी सम्मान देना चाहिए। हम संकल्प लें कि अपनी बोली को केवल घर तक सीमित नहीं रखेंगे। उसे शिक्षा, साहित्य, शोध, तकनीक और डिजिटल संसार में भी सम्मानजनक स्थान दिलाएंगे। यही हमारी भाषायी विरासत के प्रति सच्चा सम्मान, हमारी स्वतंत्रता का सार्थक उत्सव और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी होगी।

(लेखक एनआईआईएलएम कैथल के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

अंतर्मन



आज की पाती

कौशल विकास का सपना कैसे होगा पूरा?

केंद्र सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी स्वरोजगार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाओं पर काम कर रही है। सरकार पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप को लेकर आई है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी, अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे। ऐसा करके वे या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। लेकिन सरकार की यह योजना तभी कामयाब होगी, जब कंपनियां सरकार की इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। - *सांकेत अग्रवाल, धमतरी*

करंट अफेयर

ट्रंप ने 'लेक ओंटारियो' का नाम बदल 'लेक अमेरिका' करने कहा



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल से अपने मानचित्र ऐप पर 'लेक ओंटारियो' का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने को कहा है। अमेरिका के गृह मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। ट्रंप ने कुछ दिन पहले ही इस झील से संबंधित एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कनाडा के साथ बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच यह झील चर्चा में है। गृह मंत्री डग बर्गम ने फॉक्स के कार्यक्रम 'मॉर्निंग्स विद मारिया' में कहा कि ट्रंप ने 'एप्पल से सीधे संपर्क किया है।' उन्होंने भरोसा जताया कि एप्पल के मंच पर जल्द ही 'लेक अमेरिका' नाम दिखाई दे सकता है। एप्पल ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लंबे समय से लेक ओंटारियो के नाम से जानी जाने वाली यह झील अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य और कनाडा के ओंटारियो प्रांत के बीच स्थित है। 'गूगल मैप्स' ने अमेरिका में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बीते सप्ताहांत ही इस झील का नया नाम दिखाना शुरू कर दिया था। कंपनी ने इसके लिए ट्रंप के हालिया आदेश और अमेरिकी भौगोलिक नाम सूचना प्रणाली (जीएनआईएस) द्वारा निर्धारित नामों का इस्तेमाल करने की अपनी पहले से जारी व्यवस्था का हवाला दिया।

ऑफ बीट

बच्चों को चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती है



शोध से यह बात अच्छी तरह सामने आई है कि बच्चों की चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती हैं। म्यूनिख स्थित 'इंटरनेशनल यूथ लाइब्रेरी' में एक शोधवृत्ति के दौरान मुझे यह अध्ययन करने का अवसर मिला कि चित्र वाली बहुभाषी पुस्तकों में अलग-अलग भाषाओं को किस तरह प्रस्तुत किया जाता है और उनका इस्तेमाल किसी समाज में उन भाषाओं की बदलती स्थिति को किस तरह प्रतिबिंबित कर सकता है। न्यूजीलैंड के संदर्भ में यह खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1970 के दशक से बच्चों की चित्र वाली पुस्तकों में 'ते रेओ माओरी' (माओरी लोगों की पारंपरिक और आधिकारिक भाषा) के इस्तेमाल में लगातार वृद्धि हुई है। यह भाषा को फिर से उसका स्थान दिलाने और उसके पुनर्जीवन की प्रक्रिया को दर्शाता है। मेरा मानना है कि चित्र वाली पुस्तकें भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। 'यूथ लाइब्रेरी' में अपने अध्ययन के दौरान मैंने चित्र वाली जिन पुस्तकों का विश्लेषण किया, उनमें एक ही पुस्तक में 11 तक भाषाएं शामिल थीं। ये पुस्तकें दक्षिण अफ्रीका, पोलैंड और नॉर्वे समेत कई देशों की थीं।

ट्रेंड

अभाविप को बधाई



पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन चुनाव में एबीवीपी की शानदार जीत पर काउंसिल के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। लगातार दूसरी बार मिली यह जीत, 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा में युवा शक्ति के अटूट विश्वास का प्रमाण है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

जीडीपी ग्रोथ



वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8% जीडीपी ग्रोथ देश की आर्थिक मज़बूती, मुश्किलों से उबरने की क्षमता और 140 करोड़ भारतीयों के अटूट जज़्बे का ज़बरदस्त सबूत है।
- **जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

गैंगरेप की घटना शर्मनाक



नोएडा से दिल्ली जा रही बस में मैनपुरी की एक छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की घटना बेहद भयावह और शर्मनाक है। महिलाओं की सुरक्षा के दावों के बीच, ऐसी घटनाएं बीजेपी सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़े हैं।
- **दिपल यादव,** सांसद, सपा

वोटों की चोरी



भाजपा द्वारा वोटों की चोरी करके भारतीय लोकतंत्र को खोखला करने की साजिश अब सबके सामने आ रही है। जहां भाजपा को फायदा होता है, वहां मतदाता जोड़े जाते हैं; जहां फायदा नहीं होता, वहां वोटों को बांटकर "वोटों की चोरी" की जाती है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
बुधवार 2 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 43
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.5
न्यून. 24.0

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी

7
सबालेंका आगे बढ़ने में सफल अल्काराज...



विचार पेज
भागवत के अमेरिकी कार्यक्रम...



Vinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

अन्ना हजारे मुंबई के अस्पताल में भर्ती

मुंबई। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की रक्त जांच रिपोर्ट में गुर्दे में संक्रमण के संकेत मिलने के बाद उन्हें मंगलवार को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हजारे की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। वह अब बेहतर और स्थिर हैं। 89 वर्षीय हजारे को सोमवार रात दक्षिण मुंबई स्थित बॉम्बे अस्पताल लाया गया। इससे पहले, उन्हें शुरुआती इलाज के लिए अहिल्यानगर जिले में उनके पैतृक गांव रालेगण सिद्धि के एक स्थानीय चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया था।



इंजन खराब, दिल्ली जा रहा विमान लौटा

नइ दिल्ली। दिल्ली जा रहा इंडिगो का एक विमान मंगलवार सुबह उड़ान भरने के करीब 30 मिनट बाद एक इंजन के बीच हवा में काम करना बंद कर देने के कारण गोवा लौट आया। उसे मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा। विमान में 229 यात्री सवार थे। विमान उत्तर गोवा के मोपा स्थित हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2102 ने सुबह नौ बजकर 16 मिनट पर गोवा से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान एक इंजन में खराबी का पता चलने के बाद गोवा लौट आया।

राम मंदिर ट्रस्ट की आज अहम बैठक

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ को लेकर चल रहा इंतजार अब खत्म होने वाला है। 1 सितंबर को तीन सदस्यीय सर्च कमेटी ने अपनी रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी है। अब 2 सितंबर की बैठक में इन नामों पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि बैठक के बाद पहले सीईओ के नाम का ऐलान हो सकता है। राम मंदिर ट्रस्ट की एक दिवसीय बैठक 2 सितंबर को मणिराम छावनी में होगी। यह बैठक दो सत्रों में होगी। इसके अलावा, ट्रस्ट के कुछ दूसरे खाली पदों पर भी इसी बैठक में फैसला होने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री पासवान को मिली धमकी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मंगलवार को धमकी भरा पत्र मिला, जिसमें कहा गया कि उन्हें आतंकवादियों द्वारा मार दिया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के कार्यालय ने गृह मंत्रालय से इस संबंध में गहन जांच कराए जाने की भी मांग की। चिराग पासवान को फिलहाल 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। पासवान के अतिरिक्त निजी सचिव आलोक कुमार सिंह ने गृह सचिव गोविंद मोहन को लिखे पत्र में कहा, आज मंत्रालय को बिना हस्ताक्षर वाला एक पत्र मिला, जिसमें दो मोबाइल नंबर थे।



अलग खबर

नक्सलमुक्त बस्तर में फाइटर होंगे स्थानीय, जिस जिले में भर्ती, उसी जिले के युवा बनेंगे जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बस्तर फाइटर्स की भर्ती के लिए राज्य सरकार ने नया नियम बनाया है। इस नए नियम के तहत अब केवल स्थानीय को प्राथमिकता मिलेगी। इसका मतलब ये है कि जिस जिले के लिए फाइटर की भर्ती होगी, वह उसी जिले का निवासी होना चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जुलाई में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस भर्ती के नियम में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए ⏭शेष पेज 5 पर



अब हुआ ये बदलाव

नए भर्ती नियम में यह महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है जिसे स्थानीय को प्राथमिकता की बात शामिल है। इसके तहत अभ्यर्थी को उसी जिले का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जिसके अंतर्गत वह आवेदन प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र मान्य होगा

महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण

बस्तर की महिलाएं भी बन सकेंगी बस्तर फाइटर्स। नियमों के अनुसार, महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सीधी भर्ती के कुल पदों में से 30 प्रतिशत पद छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेंगे। महिलाओं के लिए छाती की माप संबंधी शारीरिक अहर्ता अनिवार्य नहीं रखी गई है, जबकि ऊंचाई के मामले में अनारक्षित, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्ग ⏭शेष पेज 5 पर

शैक्षणिक योग्यता ये होगी

सामान्य अभ्यर्थियों के लिए छत्तीसगढ़ या मध्य प्रदेश राज्य स्थित किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 5वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर भी पात्रता दी गई है।। इसके साथ ही, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल पीड़ित परिवारों और राहत शिविरों में निवास करने वाले परिवारों के सभी श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जो 5वीं कक्षा उत्तीर्ण हैं, वे भी फाईटर आरक्षक पद के लिए पात्र ⏭शेष पेज 5 पर

सुप्रीम फैसला : प्रदर्शन में शामिल छात्रों को मिली बड़ी राहत

नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर रद्द, पीड़ितों को जल्द मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन सभी प्राथमिकियों को रद्द कर दिया, जो देश भर में 20 से 25 जुलाई के बीच 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। इसके बाद कॉजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में पांच सितंबर को होने वाले अपने प्रस्तावित मार्च को रद्द कर दिया।

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार को यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक के कारण अपनी जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को तीन महीने के भीतर मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को बंद करते हुए पीठ ने कहा, युवा प्रदर्शनकारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हम पूरा न्याय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं। अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश पारित करने का अधिकार देता है।

यह आदेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र, असम, ⏭शेष पेज 5 पर

- कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर के मार्च को लिया वापस

खास खबर

2873 लोगों पर फिर कार्रवाई क्यों होगी?

कोर्ट ने प्रदर्शन से जुड़े मामलों में राहत दी है, लेकिन केंद्र को 2873 ऐसे लोगों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दी है, जिनके बारे में आपराधिक इतिहास होने की बात कही गई है। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है। सुनवाई के दौरान वकील हरिहरन ने इन 2873 लोगों की सूची मांगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन लोगों के खिलाफ आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- *सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के अलावा असम, महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार में नीट प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।*



ऐसी शर्त भी

पीठ ने कहा, हम यह साफ करते हैं कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत इस अदालत की विशेष शक्तियों का इस्तेमाल इस शर्त पर किया जाएगा कि दोनों पक्ष इस अदालत के सामने बनी सहमति का पालन करेंगे। सुनवाई के दौरान, मेहता ने न्यायालय को बताया कि केंद्र सरकार कॉजपा को दिए गए उन आश्वासनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनके तहत दिल्ली और अन्य राज्यों की पुलिस विरोध-प्रदर्शनों के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी पर आगे कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

मुआवजा के लिए बनेगी नीति

आत्महत्या करने वालों के परिवारों को मुआवजा देने के मामले में, कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर पूरे देश के लिए एक नीति बनाने और पीड़ित परिवारों को तीन महीने के अंदर पैसे का भुगतान करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, भारत सरकार पूरे देश में मुआवजा देने के लिए एक नीति बनाएगी। इस नीति को संबंधित सभी राज्य सरकारों और इसे लागू करने वाले अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि मुआवजा देने के लिए इसे एक नियमित प्रक्रिया के तौर पर अपनाया जा सके।

मुख्यमंत्री दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर

'कैच द रेन' सत्र के समापन में सीएम साय देंगे प्रस्तुतिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन में छत्तीसगढ़ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। देशभर के राज्यों के जल संसाधन मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 'कैच द रेन' यानी जल संचय और जनभागीदारी विषय पर होने वाले राष्ट्रीय सत्र का समापन प्रस्तुतिकरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

सम्मेलन के समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थीम-2 के तहत देशभर में हुए विचार-विमर्श और राज्यों के अनुभवों को प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और देशभर से आए मंत्री एवं सचिवों के समक्ष जल संरक्षण से जुड़े सर्वसम्मत ⏭शेष पेज 5 पर

- आज सम्मेलन में प्रस्तुतिकरण देंगे



24 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2021 के 'कैच द रेन' आह्वान 'जल जहां गिरे, जब गिरे, वहीं संचय करें' से शुरू हुआ अभियान अब बड़े जनभागीदारी आंदोलन का रूप ले चुका है। जल संचय जनभागीदारी अभियान के पहले चरण में 10 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 27.6 लाख संरचनाएं तैयार की गईं। दूसरे चरण में एक करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 1.5 करोड़ से अधिक संरचनाएं दर्ज की गईं। अब 31 मई 2027 तक दो करोड़ नई जल संरक्षण संरचनाएं तैयार करने का राष्ट्रीय लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ भी इस अभियान में अग्रणी राज्यों में शामिल है। जेएसजेबी 2.0 के तहत प्रदेश में 24.07 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं दर्ज की गई हैं।

कोरिया का '5 प्रतिशत मॉडल' बना राष्ट्रीय उदाहरण

छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से शुरू हुआ '5 प्रतिशत मॉडल' भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है। इसके तहत किसान स्वेच्छा से अपनी भूमि का पांच प्रतिशत हिस्सा जल पुनर्भरण संरचनाओं के लिए समर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ को मिली यह जिम्मेदारी प्रदेश के उन सभी लोगों का सम्मान है, जिन्होंने अपने गांवों में पानी रोकने का काम किया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के 'कैच द रेन' आह्वान को प्रदेश के किसानों, महिलाओं और युवाओं ने जनआंदोलन का रूप दिया है। जल-सुरक्षित भारत ही विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ने का आधार बनेगा।

'इंस्टाग्राम' पर पीएम मोदी ने शेयर किया वीडियो संदेश

न जाएं विदेश और न ही खरीदें सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के लिए देश के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि युद्धों, अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों के बावजूद हासिल की गई है। प्रधानमंत्री ने 'इंस्टाग्राम' पर वीडियो संदेश में कहा कि अगर लोग स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर बल देना जारी रखेंगे तो आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर देश के युवाओं को विकसित भारत सौंपेंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जब तक बेहद जरूरी न हो वे विदेश में घूमने न जाएं, विदेशों में शादियों का आयोजन न करें और सोना भी न खरीदें। मोदी ने ⏭शेष पेज 5 पर



वोकल फॉर लोकल

प्रधानमंत्री ने कहा, हमें इस गति को बनाए रखना है, बढ़ाना भी है और इसके लिए आत्मनिर्भर भारत बनना बहुत जरूरी है। उन्होंने स्वदेशी के मंत्र और 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान किया।

युवाओं को देंगे विकसित भारत

मोदी ने कहा, हम जितना ज्यादा स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर बल देंगे, मुझे पक्का विश्वास है कि जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो हम हमारी युवा पीढ़ी को विकसित भारत सुपुर्द करेंगे। उन्होंने कहा, हमारी युवा पीढ़ी के सपनों को हम अपने परिश्रम से साकार करके रहेंगे। हमारी नीति सही है और 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति एकजुट होकर देश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है।

गैस, दूध से लेकर कार तक महंगाई का चौतरफा अटैक

कमर्शियल सिलेंडर के बढ़े दाम, कारें महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हर महीने की पहली तारीख अपने साथ आम आदमी की जेब और दैनिक दिनचर्या से जुड़े कई नए बदलाव लेकर आती है। 1 सितंबर 2026 से भी देश भर में रसोई गैस के दामों से लेकर हवाई सफर, किराए और कार खरीदने की कीमतों तक कई अहम बदलाव लागू हो गए हैं। विमान ईंधन की कीमत में 5.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं, वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 9.50 रुपये की वृद्धि की गई। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 2,738 रुपए से बढ़ाकर 2,747.50 रुपए कर दी गई है।



कार खरीदना पड़ेगा महंगा

1 सितंबर की शुरुआत के साथ ही कार खरीदने का प्लान बना रहे लोगों को झटका लगा है। पहली तारीख से टाटा और हुंडई की कारें महंगी हो रही हैं, इसका ऐलान कंपनियों द्वारा पहले ही कर दिया गया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड महीने के पहले दिन से अपनी सभी वैरिएंट की कारों और एसयूवी की कीमतों में 25,000 रुपए तक की बढ़ोतरी कर रही है, तो वहीं हुंडई मोटर इंडिया भी अपनी कारों के दाम में इस साल की तीसरी बढ़ोतरी कर रही है।

विदेश यात्रा के दौरान ये राहत

1 सितंबर से देश में एक राहत भरा बदलाव भी लागू हुआ है, जो हवाई यात्रियों से जुड़ा हुआ है। दरअसल, रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब भारत से विदेश जाने वाले यात्रियों को पहली तारीख से इमिग्रेशन काउंटर पर अब बोर्डिंग पास पर स्टैम्प लगवाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि यात्री मोबाइल में इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास या उसकी प्रिंटेड कॉपी दिखाकर इमिग्रेशन प्रोसेस पूरा कर सकेंगे।

मुंबई में दूध हुआ महंगा

सितंबर महीना शुरू होते ही मुंबई के लोगों के लिए दूध खरीदना भी महंगा हो गया है। मिल्क प्राइज हाइक लागू किया गया है। हालांकि, ये बढ़ोतरी पैकेट वाले दूध के दाम में नहीं, बल्कि तबेला वाले दूध की कीमतों में की गई है। मुंबई में इस दूध की कीमत में 9 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई गई है और 1 सितंबर 2026 से ये दूध 93 रुपए प्रति लीटर के बजाय अब 102 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

आस्था
वीरेंद्र सरल

गउ संरक्षण के सन्देश म लउठी लागना



गउ संरक्षण बर प्रचलित लोक विधान अभी घला ग्रामीण जीवन म चलत हे। जाने अनजाने जब कोनो मनखे के लउठी के मार ले कोनो गाय मर जाथे तब येला लउठी लागना कहे जाथे। जेकर हाथ ले ए अपराध हो जाथे तब सब ले पहिली वोहा अपन घर, परिवार अउ समाज के सियान ल अपन अपराध बताथे। काबर कि गउ हत्या ल ब्रम्ह हत्या के समान माने गेहे। कहे जाथे जउन ह गउ हत्या करके ये पाप ल लुका के राखथे, कोनो ल नी बताय वोकर आत्मा ह वोला धिक्कारत रहिथे। खाय पिए के जिनिस ह घलो वोला खून बरोबर लाल दिखथे। अन्न पानी नी सुहावय। दिन के चैन अउ रतिहा के नींद उड़ा जथे। तिहि पाय के गउ हत्या के अपराधी मनखे अपन अपराध ल तुरते सियान मन ल बताथे।

सियान मन सुनता सलाह होके येकर कट कटाव करे बर अपराधी मनखे ल कथे कि तैहा इक्कीस गांव म घर घर किंजर के सब ल अपन पाप ल बतावत भीख मांग के अन्न अउ पइसा सकेल। जेखर ले कोई दूसर मनखे अइसन पाप करे के हिम्मत झन करय।

सियान मन के बताय मुताबिक अइसन मनखे ह इक्कीस गांव म भीख मांगथे अउ संझा अपन गांव के बाहिर कोनो बर पीपर पेड़ के छइहा म रात बसर करथे। अपन घर नी आय। बर पीपर ल हमर संस्कृति म देवता माने गेहे। मान्यता हे कि बर म बरम देव अउ पीपर म वासुदेव के निवास होथे। तेकर सेती ए पेड़ के लकड़ी ल नी जलाय। अइसन विधान हमर सियान मन बनाय हे। कतको मन बानबरद या अउ मान्यता वाले जगा म जाके मुक्ति पाय बर जरुरी उदिम करथें।



लोक नाट्य
प्रो. अश्विनी केशरवानी

लोक नाट्य के कारण छत्तीसगढ़ का वृन्दावन कहलाया शिवरी नारायण



रायगढ़ के राजा भूपदेव सिंह के शासन काल में नगर दरोगा ठाकुर रामचरण सिंह जात्रा से प्रभावित रास के निष्णात कलाकार थे। उन्होंने इस क्षेत्र में रामलीला और रासलीला के विकास के लिए अविस्मरणीय प्रयास किया। गौद, मलदा, नरियारा और अकलतरा रासलीला के लिए और शिवरीनारायण,किकिरदा, रतनपुर, सारंगढ़ और कवर्धा रामलीला के लिए प्रसिद्ध थे। नरियरा के रासलीला को इतनी प्रसिद्धि मिली कि उसे ' छत्तीसगढ़ का वृन्दावन' कहा जाने लगा। ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर, उनके बहनोई कोसिर सिंह और भांजा विशवेसवर सिंह ने नरियरा और अकलतरा के रासलीला और रामलीला के लिए अथक प्रयास किए। उस काल में जांजगीर क्षेत्रान्तर्गत अनेक गम्मतहार सुरमिन दास, धरमलाल, लक्ष्मण दास चिकरहा को नाचा पार्टी में रास का यथेस्ट प्रभाव देखने को मिलता था। उस समय दादू सिंह गौद और ननका रहस मंडली, रानी गांव रासलीला के लिए प्रसिद्ध था। शिवरी नारायण का अभिनय संसार केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन देश के कोने कोने में प्रसिद्ध था। हालांकि हर गांव में नाचा गम्मत, रासलीला और रामलीला पार्टी होती थी, लेकिन यहां की मंडली की बात ही कुछ और थी।

भिति चित्र
डा. पीसीलाल यादव

आठे कन्हैया के रूप में पूजे जाते हैं भिति चित्र



छत्तीसगढ़ के लोक जीवन में आठे कन्हैया के प्रति अगाध आस्था है। भादो की गहन अँधेरी रात में जब बृजवासियों के जीवन में अंधेरा था, तब उन्हें शासक वर्ग द्वारा यातनाएं दी जाती थी, बेवजह दण्डित किया जाता था। सर्वत्र आतंक और अत्याचार का बोलबाला था, ऐसे वातावरण में श्रीकृष्ण का लोकोदय एक प्रकाशपुंज की भांति हुआ। बच्चे- बूढ़े, स्त्री -पुरुष सभी इस दिन उपवास रख कर आठे कन्हैया (भित्ति चित्र) की पूजा करते हैं। आठे कन्हैया यानि जन्माष्टमी भादो महीने के अष्टमी कृष्ण पक्ष को मनाई जाती है। श्रीकृष्ण देवकी के गर्भ से जन्म लेने वाले आठवीं संतान थे, और उनका लोक आवरण भी अष्टमी को हुआ। लोक को इन दोनों कारणों ने प्रभावित किया। इसलिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को छत्तीसगढ़ के लोक मानस ने आठे कन्हैया के रूप में स्वीकार किया।आठे कन्हैया घर में सुलभ संसाधन जैसे चूड़ी रंग, स्याही, सेमी, भेंगरा या तरोई पत्ते के कच्चे रंग से बने चित्र होते हैं। यह चित्र आठ की संख्या में होते हैं और श्रीकृष्ण जन्म के प्रतीक हैं।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

अंचल में धूमधाम से मनाया जाता है कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

परब विशेष
डा. ज्योति चंद्राकर

छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी को आठे कन्हैया व्रत भी कहा जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी को छत्तीसगढ़ में लोकपर्व के रूप में सामुदायिक रूप से मनाया जाता हैं। यह त्यौहार मुख्यतः जांजगीर चांपा जिले, राजनांदगांव के डोंगरगढ़ ,कबीरधाम जिला के कवर्धा और महासमुंद जिले के अलावा मैदानी भागों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस व्रत को स्त्री-पुरुष व बच्चे सभी करते हैं। यह व्रत भादो माह के कृष्ण पक्ष के अष्टमी के दिन किया जाता है।

पूर्व समय में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी के दिन लोग घरों की दीवार पर आठ बालचित्र, देवकी के आठो संतान का तथा सांप, बिच्छू, नाग को कृष्णजी के प्राणरक्षक के रूप में दर्शाया जाता था। वासुदेवजी ने कृष्ण के जन्म पश्चात कृष्ण को सूप में रखकर यमुना नदी पार कर गोकुल पहुंचाए थे। इसी लोकभावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में शिशु जन्म के पश्चात शिशु को धान भरे सूप में सुलाया जाता है। इन्हीं आस्था व लोकविश्वास से प्रेरित होकर पूर्व समय में बालचित्रों का चित्रांकन घर की दीवारों में किया जाता था। वर्तमान समय में महासमुंद जिले में जन्माष्टमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से सभी जाति के लोग मिलकर सामुदायिक रूप से राम मंदिर व राधाकृष्ण के मंदिर में मनाते हैं। यहाँ सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को राधाकृष्ण मंदिर में सावन झूला बांधकर कृष्णजी के बाल प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन संध्या आरती की जाती है । यह सावन झूला जन्माष्टमी तक बंधा होता है, और जन्माष्टमी की रात्रि में गाँव के सभी जाति के लोग एकत्रित होकर रात्रि 12:00 बजे तक भजन ,कीर्तन कृष्ण जी राम जी की स्तुति ,सोहर गीत, बधाई गीत गाते हैं तथा बारी-बारी से कृष्ण जी को झूला झुलाकर पूजन करते हैं। कृष्ण जन्म के समय मंदिर का मुख्य पट खुलता है व घंटी, शंख ,ध्वनि, करताल के साथ आरती की जाती है। मटकी फोड़ ,दही लूट ,गुलाल - अबीर की होली खेली जाती है ।कृष्ण जन्माष्टमी में धनिया की पंजरी, छेवारी लड्डू ,राजगीरा का लड्डू, बैचांदी,सिघाड़े की कतरा, फल , मेवा खीर , सिंघाड़ा , माखन, मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जाता हैं। इस प्रकार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी सामुदायिक रूप से मंदिर में एकत्रित होकर भजन- पूजन के साथ मनाया जाता है।



लोक गीत : डा. सुधीर पाठक

भादो माह में गाया जाता है ठढ़िया करमा गीत



भादो माह में सरगुजा अंचल में एकादशी तिथि को करमा नृत्य गीत गाया जाता है। प्रस्तुति के समय गांव गांव के रिझवार (रसिया) युवक युवतियाँ एकत्रित होते हैं, साथ में सचेत भी किया जाता है कि जिस स्थान पर नृत्य के लिए एकत्रित हो रहे हैं उस स्थान पर बरसात के कारण काई तो नहीं जमा है। साथ ही कहा जाता है ऐसे स्थान का चयन करो जहां नाच और गान के लिए स्थान उपयुक्त हो। इस तरह सबके सहमति से स्थल चयन कर नाच -गान आरम्भ किया जाता है -

ओह रे... ए... रे... रिझोली गे तोरे लोभे...
खेले ले आएंन....। रिझोली गे... तोरे लोभे...।
भादो के महीना एकादशी दिना में...
पानी बरिस ले...
अंगना में काई बइठ गिस...
अंगना में बिजली मति गिरबे...
धीरे रसा खेलबे... अंगने बिजली मति गिरबे...।
फूटी जाहि मांदरी...
टूटी जाहि टंगना...
कै ते रुपिया मे मांदर बेसाय लेबो...
कै ते रुपिया म टंगना...
फूट जाहि मांदर...
टूट जाहि टंगना...
संगवारी ले पिरितिया जोड़ लेबो...।



सुरता
डा. परदेशी राम वर्मा

साहित्य और संस्कृति के मर्मज्ञ थे प. गंगा प्रसाद द्विवेदी



दुर्ग जिले के धमधा रोड के ग्राम मेड़ेसरा में गंगा प्रसाद द्विवेदी का जन्म हुआ था। अपने ज्ञान, मधुर स्वर और संगीतमय प्रस्तुति के कारण वे अंचल भर में कुछ वर्षो में ही प्रवचनकर्ता के रूप में प्रसिद्ध हो गए।आप प्रखर गांधीवादी व प्रख्यात भागवताचार्य थे। आपने संस्कृत शाला का संचालन किया। आपने लीला मंडली का संचालन कर अनेक शिष्य बनाए जो काफी समय तक आपकी परम्परा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देते रहे। छोटे छोटे गांव में आपकी लीला मंडली की प्रस्तुति होती थी। इसके साथ ही ग्राम सुधार, मद्य निषेध, मेल मिलाप पर केंद्रित उनके नाटकों की बड़ी धूम रही। उन्होंने गांधीवादी दर्शन को नाटकों के माध्यम से प्रचारित किया। अंचल में सांस्कृतिक उत्थान के इतिहास में आपके योगदान को आज भी रेखांकित किया जाता है। साहित्य और भागवताचार्य के रूप में आपके सुपुत्र प. दानेश्वर शर्मा ने भी प्रदेश भर में अपनी पहचान बनाई, वे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष भी बने।

गांव की कहानी : पूरन सिंह सिदार

महत्वपूर्ण गढ़ रहा भंवरगढ़

यह गढ़ भंवरगढ़ के नाम से प्रसिद्ध था। पूर्व में फुलझर राज्य में सुव्यवस्थित संचालन के लिए कई गढ़ का निर्माण किया गया था। इन गढ़ो में भंवरगढ़ का महत्वपूर्ण स्थान था। राजवंश ने इसका निर्माण शासन व्यवस्था में सैनिक संतुलन बनाए रखने के लिए किया था। अन्य गढ़ो की अपेक्षा इसकी खाईयां पूर्व में बहुत गहराई लिए हुई थी।

वर्तमान सराईपाली से लगभग 15 कि मी पश्चिम की ओर भंवरगढ़ नामक एक बड़ा क़स्बा है। इस कस्बा में एक बहुत बड़ा प्राचीन मैदानी गढ़ है, जिसे पूर्व में भैना राजाओं ने निर्माण किया था। यह गढ़ भंवरगढ़ के नाम से प्रसिद्ध था। पूर्व में फुलझर राज्य में सुव्यवस्थित संचालन के लिए कई गढ़ का निर्माण किया गया था। इन गढ़ो में भंवरगढ़ का महत्वपूर्ण स्थान था। राजवंश ने इसका निर्माण शासन व्यवस्था में सैनिक संतुलन बनाए रखने के लिए किया था। अन्य गढ़ो की अपेक्षा इसकी खाईयां पूर्व में बहुत गहराई लिए हुई थी। शत्रुओं को इस गहरी खाईयों को पार करना अत्यंत कठिन रहा होगा। प्रतीत होता है कि इस गढ़ के चतुर्दिक तालाब के समान गहरी खाईयां थीं। गढ़ का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की ओर था। चारों ओर रक्षिका देवी की स्थापना की गई थी। इस गढ़ के उत्तर पूर्व में राजमहल एवं भूमिगत निवास था। इटों एवं पत्थरों की क्षीण उपस्थिति से आभास होता है कि गढ़ के ऊपर राज निवास था। बरेकेल अभिलेख में इस प्रकार का उल्लेख देखने को मिलता है। राजा भावर चंद प्रायः तलघर में ही निवास करते थे। अंतिम राजा भावर चंद भैना को गोंड सरदार जैतसिंह ने मार कर तथा उसके सिर को काटकर और तत्कालीन राजधानी जगदला ले जाकर राजा मोंगरा साय के पास भेंट किया।



सीजीपीएस-डीएमएफ फंड मामले में दो आरोपी 5 दिन की रिमांड पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाले और डीएमएफ फंड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सीजीपीएस मामले के उत्कर्ष चंद्राकर और डीएमएफ फंड मामले के सतपाल सिंह छाबड़ा शामिल हैं। दोनों को पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने दोनों को 5 दिन की कस्टोडियल रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। अदालत से रिमांड मिलने के बाद अब ईडी दोनों आरोपियों से 5 सितंबर तक पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी दोनों मामलों में कथित वित्तीय लेनदेन और उससे जुड़े पहलुओं को लेकर पूछताछ कर रही है।

- 5 सितंबर तक ईडी करेगी पूछताछ

फंड के दुरुपयोग, वित्तीय लेनदेन की जांच : डीएमएफ फंड से जुड़े मामले में ईडी ने सतपाल सिंह छाबड़ा को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी मामले में फंड के कथित दुरुपयोग और उससे जुड़े वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है। वहीं सीजीपीएस से जुड़े मामले में ईडी ने उत्कर्ष चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किए जाने के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए कस्टोडियल रिमांड की मांग की थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया।

चुनाव आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और अधिकारियों को नहीं बना सकते पक्षकार



बिलासपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के अग्रवाल ने मरवाही विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका में महत्वपूर्ण आदेश दिया है। कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और मरवाही विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को चुनाव याचिका के पक्षकारों की सूची से हटाने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 82 में चुनाव याचिका में किन लोगों को पक्षकार बनाया जा सकता है, इसकी स्पष्ट व्यवस्था है। इसके बाहर किसी व्यक्ति या अधिकारी को पक्षकार नहीं बनाया जा सकता।

उर्मिला मार्को द्वारा दायर चुनाव याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस तरह का निर्देश जारी किया है। दरअसल उर्मिला मार्को ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80 के तहत चुनाव याचिका दायर कर मरवाही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 24 से निर्वाचित प्रत्याशी के निर्वाचन को चुनौती दी है।

सात दिनों बाद भी लापता डॉ. मीना का नहीं लगा सुराग, नेपाल में डटा है परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

तिब्बत-नेपाल बॉर्डर पर आई भीषण आपदा में लापता हुई सरगुजा की बेटी डॉ. मीना गुप्ता का सात दिनों बाद भी अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। डॉ. मीना अपने ग्रुप के साथ कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गई हुई थी और घटना के समय पूरा दल इमिग्रेशन सेंटर में ही मौजूद था। इस हादसे के बाद डॉ. मीना के पिता और भाजपा के वरिष्ठ नेता करता राम गुप्ता और परिवार के सदस्य नेपाल पहुंच गए और अब भी उसकी तलाश जारी है। इस बीच डॉ. मीना के परिजन ने नेपाल में मिले शवों के डीएनए टेस्ट की मांग की है। डीएनए टेस्ट के मांग की पुष्टि सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने भी की है।

- संदिग्ध शवों के डीएनए की उठाई गई मांग, सांसद ने की पुष्टि

बता दें कि शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता और एल्डरमैन करता राम गुप्ता की बेटी डॉ. मीना गुप्ता वर्तमान में इंग्लैंड के टोरकी में निवास करती हैं और चर्म रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। डॉ. मीना गुप्ता ब्रिटेन में अपने डॉक्टर पति और तीन बेटियों के साथ रहती है और वे ईशा योगा फाउंडेशन सतगुरु ग्रुप के साथ 14 अगस्त को भारत आई थी। उनके साथ इस ग्रुप में लगभग 77 लोग शामिल थे जो दिल्ली से काठमांडू गए थे। 23 अगस्त को दल ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर ली थी और 25 अगस्त को दल के सदस्य नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित इमिग्रेशन कार्यालय में अपनी औचारिकता पूरी करने के लिए गए हुए थे। बताया जा रहा है कि जिस समय वे इमिग्रेशन कार्यालय में मौजूद थे उसी समय यह भीषण त्रासदी आई। इस त्रासदी के बाद से ही उनका परिवार से सम्पर्क नहीं हो पाया है। इस घटना के बाद से ही परिवार उनकी तलाश में जुटा हुआ है। डॉ. मीना के पिता करता राम गुप्ता और परिवार के सदस्य बेटी की तलाश में नेपाल पहुंच गए है और वे लगातार उनकी खोजबीन कर रहे है लेकिन अब तक सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। ऐसे में परिवार की बेचैनी अब बढ़ती ही जा रही है।

सरकार के लगातार सम्पर्क में



हम लोग नेपाल में भारत की एंबेसी और भारत सरकार से लगातार संपर्क में है। खबर यह है कि अब तक बच्ची की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। करता राम गुप्ता और उनकी बेटियां नेपाल पहुंच गई हैं लेकिन अब तक निराशा ही हाथ लगी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि डॉ. मीना गुप्ता सहित बाढ़ में फंसे सभी लोग सकुशल हों और जल्द से जल्द अपने परिवारों के बीच लौटें। हम सभी उनके सुरक्षित लौटने की कामना कर रहे हैं।
राजेश अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री छग शासन

पहले परिजन का होगा डीएनए टेस्ट

एक तरफ परिवार लगातार डॉ. मीना गुप्ता की तलाश में जुटा है तो वहीं दूसरी ओर परिवार ने अब तक अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की है। परिवार का कहना है कि किसी अज्ञात शव की पहचान अगर संदिग्ध है तो डीएनए टेस्ट से इसकी पुष्टि की जाए। परिवार ने सांसद से भी डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया में मदद चाही है। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने भी डीएनए टेस्ट कराए जाने की मांग की पुष्टि की है। सांसद का कहना है कि परिवार को स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिलना बेहद जरूरी है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। हालांकि डीएनए टेस्ट के लिए पहले माता या पिता का डीएनए टेस्ट किया जाएगा और उसके बाद संदिग्ध मिले शवों के डीएनए से उसका मिलान किया जाएगा। परिवार जहां मीना के सुरक्षित होने की उम्मीद लगाए बैठा है, वहीं अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की मांग ने इस पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

लोक निर्माण विभाग में सीई एसई और ईई के तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में 60 कार्यपालन अभियंता और 13 अधीक्षण अभियंताओं के नाम शामिल हैं।

- एसके कोरी को मुख्य अभियंता सेतु परिक्षेत्र रायपुर बनाया गया

6 मुख्य अभियंताओं का तबादला किया गया है, उनमें एसके कोरी को मुख्य अभियंता सेतु परिक्षेत्र रायपुर, केसी पंत मुख्य अभियंता सरगुजा परिक्षेत्र, समय लाल को मुख्य अभियंता बस्तर परिक्षेत्र, एमएल उरांव को मुख्य अभियंता सीजीआरआईडीसीएल रायपुर, वीके कोर्राम मुख्य अभियंता योजना नवा रायपुर, बीएस बघेल को मुख्य अभियंता प्रशासन लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। वहीं अधीक्षण अभियंताओं में एसएल भूपल को रायपुर से बिलासपुर और एनके लाल को बिलासपुर से रायपुर पदस्थ किया गया है। महादेव लहरे को अंबिकापुर से बिलासपुर, डीके चंदेल को बेमेतरा से रायपुर, बीके पटोरियो को दुर्ग से अंबिकापुर, जेपी तिग्गा को बिलासपुर से जगदलपुर, एमएल उईके को रायगढ़ से रायपुर, संजय सूर्यवंशी को कांकेर से जगदलपुर, अर्पणा चौरपगार को नवा रायपुर से दुर्ग, वीरेंद्र कुमार सिंह बेदया को रायपुर से कांकेर, एसएस मांझी रायपुर से नवा रायपुर पदस्थ किया गया है।

छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-जगदलपुर
प्रथम निविदा आमंत्रण क्र. 63

छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र/वृत्त- जगदलपुर के अधीनस्थ संभाग दंतेवाड़ा में निक्षेप कार्य अंतर्गत जिला बीजापुर में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in/ एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग दंतेवाड़ा मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें।
S-48915/3 उपायुक्त

गंगरेल बांध का एक गेट खुला

धमतरी। मंगलवार की सुबह 9.30 बजे गंगरेल बांध का एक रेडियल गेट खोला गया जिससे 550 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पेन स्टाक के माध्यम से 1500 क्यूसेक पानी की जावक हो रही है। बांध में 97 प्रतिशत जलभराव है। गंगरेल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम 7 बजे गंगरेल बांध में पानी की आवक 6633 क्यूसेक हो रही है। जावक 2050 क्यूसेक है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध में 31.350 टीएमसी जलभराव है। माड़मसिल्ली बांध में 99 प्रतिशत जलभराव है।

एकलव्य छात्रावास में फिर जूनियर छात्र की पिटाई

- कमरे में बंद कर मारपीट का आरोप
- जिले का तरेगांव एकलव्य छात्रावास फिर सुर्खियों में



कवर्धा। आवासीय विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा के लिए तय व्यवस्थाओं के बीच तरेगांव थाना क्षेत्र के पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रावास से सामने आई मारपीट की घटना ने निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक जूनियर छात्र के साथ सीनियर छात्रों द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्र को कमरे में बंद करने के बाद उसके साथ पिटाई की गई। घटना के बाद बच्चे के कान, आंख और पीठ पर चोट के निशान पाए जाने की बात कही जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने नाराजगी जताते हुए तरेगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया है कि छात्रावास में रहने वाले कुछ सीनियर छात्रों ने जूनियर बच्चे को अपने पास बुलाया था। इसके बाद उसे कमरे में बंद कर दिया गया और उसके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद छात्र के शरीर पर चोट के निशान नजर आए। परिजनों को इसकी जानकारी मिलने पर वे छात्रावास पहुंचे और बच्चे की स्थिति को लेकर चिंता जताई। इसके बाद मामले को लेकर पुलिस से शिकायत की गई। पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय में करीब 400 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संस्था में कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई संचालित होती है। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थी आदिवासी समुदाय से हैं, जिनमें बैगा जनजाति के बच्चे भी शामिल हैं। ऐसे में दूरस्थ क्षेत्र से आकर आवासीय परिसर में रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी

पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय में करीब 400 बच्चे अध्ययनरत हैं और यहां कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। आवासीय व्यवस्था होने के कारण विद्यार्थियों का बड़ा समय विद्यालय परिसर और छात्रावास में ही गुजरता है। ऐसे में बच्चों के बीच अनुशासन बनाए रखने के साथ उनकी गतिविधियों पर नजर रखना प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ताजा घटना के बाद अभिभावक यह जानना चाहते हैं कि छात्रावास में विद्यार्थियों की निगरानी के लिए क्या व्यवस्था है और उसे किस तरह लागू किया जाता है।

भालुओं के हमले से युवक घायल

धमतरी। घर लौट रहे युवक पर अचानक भालुओं ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार चारामा क्षेत्र के ग्राम जेपरा निवासी मिथिलेश गंगबेर पिता दुलार उम्र 28 वर्ष सोमवार की रात्रि अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान झुरमुट से निकले भालुओं ने अचानक युवक पर हमला कर दिया। भालुओं ने युवक को बुरी तरह नोच दिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए कांकेर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से रिफर करने पर घायल को मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया है। भालुओं की संख्या एक से अधिक बताई जा रही है।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: + 91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works :

NIT No: 36/Annexy /EEC1/CE1/ NRANVP/2026-27,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 31.08.2026

Name of Work: "Construction of Office Buildings in 2nd & 3rd Floor above Multilevel Parking of Mahanadi Bhawan & Indrawati Bhawan at Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, District-Raipur, Chhattisgarh.

Estimated cost: **INR 71.74 Crs,** EMD: **INR 71.74 Lakhs,** Period of Completion: **12 Months**

Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on 22.09.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-48919/2 **Chief Engineer NRANVP**

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-220/ 1513 Raipur, Dtd 31/ 08 /2026

E-TENDER NOTICE NO. TN-220/2026-27

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Submission Date & time
1.	MW-276/26-27 8100053957 (With RLA)	Annual Overhaul contract for Boiler Pressure Parts of U#2 at 2x500 MW, ABVTPS, Marwa, Janjgir- Champa.	25.09.2026 Up to 15:00 Hrs
2.	HW-277/26-27 8100053964 (With RLA)	Complete O&M Work of CHP:Int. (4x210 MW), HTPS, Korba (West)	28.09.2026 Up to 15:00 Hrs
3.	HW-278/26-27 8100053963 (With RLA)	Day to day Electrical Lighting Maintenance of Plant and Colony at HTPS, CSPGCL, Korba (West)	28.09.2026 Up to 15:00 Hrs
4.	CP-282/26-27 8100053979 (With RLA)	Manufacture & Supply of MS ERW Pipes of size 80 NB, 100 NB & 150 NB for HTPS Korba West	25.09.2026 Up to 15:00 Hrs

For details please visit our website **https://cspc.co.in** or e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

SAVE ELECTRICITY EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN) CSPGCL:RAIPUR

GOVT. OF MAHARASHTRA

Office of the Executive Engineer Public Works Division, Pandharpur- 413304
Phone No. 02186/226975
Web-www.mahapwd.gov.in & email ID : pandharpur.ee@mahapwd.gov.in

E-TENDER NOTICE NO. 9 YEAR 2026-2027
(Second call)

online e-tenders in form "B-2" for following works are invited by the Executive Engineer, Public Works Division, Pandharpur - 413304 from the Eligible contractors who can fulfill conditions in the tender document. Details of Tender Document is available on website "https://mahatenders.gov.in" and www.mahapwd.gov.in" Tender Document shall be downloaded online. Other term and condition displayed in online e-tender forms. Right to reject any or all online bid of work without assigning any reasons thereof is reserved by Competent authority. Conditional Tenders will not be accepted. Estimated rates does not contains GST. Contractors shall also quote their rates without GST (Excluding GST). GST will be paid to Contractors at prevailing rates on work portion bill amount separately.

Sr. No.	Name of Work	Tender Type	Estimated Cost Rs.	Earnest Money Rs.	Time limit for Completion	Cost of e-tender Form Fee Rs.	Class of Contractor
1	Improvements to Sant Dnyaneshwar Maharaj Palkhi Marg NH.965 to Railway Gate Old S.H.141 (Degaon Pandharpur) Km.149/200 to 155/200 Tal. Pandharpur Dist. Solapur.	B-2	23,41,89,287/-	11,71,000/- (pay online only)	18 (Including Monsoon)	3,540/- (Non Refunded pay online only)	Registration Certificate with P.W.D. Not Required

e-tender time table

1	Download Period of online Tender.	Dt. 01/09/2026 at 11.00 am. to Dt. 08/09/2026 at 17.30 p.m.
2	Submit Bid Last date and time	Dt. 01/09/2026 at 11.00 am. to Dt. 08/09/2026 at 17.30 p.m.
3	Online Raised any Technical Point Last date and time. (Pre-bid Meeting).	----------NIL----------
4	Place, Date and timing of opening Technical-bid and Financial bid.	Dt. 09/09/2026 at 11.00 hrs. to in the office of Superintending Engineer, Public Works Circle, Solapur (If Possible).

Note :- 1. There are 01 Work in this tender notice. 2. All Information regarding E-Tender will be available from 01/09/2026 @ 11.00 on following website.(i) www.mahapwd.com (ii) www.mahapwd.gov.in 3. All eligible/interested contractors who want to participate in tendering process should compulsory get enrolled on e-tendering portal https://mahatenders.gov.in 4. The details and any addendum / corrigendum in respect of above tender shall be published on above website only. And no separate notification shall be issued in the press. Hence prospective bidders are requested to visit above website regularly to keep the yourself updated. 5. The Executive Engineer, Public Works Division, Pandharpur Reserves right to accept or reject any offer. Conditional offers will not be accepted.6. All papers which have been submitted in Technical Envelope (Online) should be submitted in Hard Copy within 72 hours of Bid Submission.

(A.T. Nimkar)
Executive Engineer,
ROC-2026-27/क्र.5/C2598 Public Works Division, Pandharpur

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।

ई0 प्रोक्योरमेंट नोटिस सं0 –05/2026-27 (1st Call)
Short Tender Ref. No.: RCD/Chatra/595/2026-27 Date: 29.08.2026

1.	कार्य का नामः	सिमरिया – टण्डवा पथ (MDR-72) के कि0 मी0 0.00 से कि0 मी0 26.85 (कुल लम्बाई– 26.85 कि0 मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य।
2.	प्राक्कलित राशि :	रू0 33,59,64,294=00 (रू0 तैंतिस करोड़ उनसठ लाख चौंसठ हजार दो सौ चौरानवे रूपये)
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि :	06 (छः) माह
4.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि /समय	21.09.2026 12.00 बजे दोपहर तक
5.	प्री बिड मिटिंग : तिथि, समय एवं स्थान	18.09.2026 (12.00 बजे दोपहर तक) मुख्य अभियंता (याठ) का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, इंजिनीयरिंग हास्टल नं0– 2, धुर्वा, राँची।
6.	बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :	07.09.2026 10.30 बजे पूर्वाह्न
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
8.	निविदा खोलने की तिथि	24.09.2026
9.	ई0 प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :	06541-224540
10.	ई0 प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या :	0651-2401010

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।
नोट : निविदा की राशि घट – बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
PR 388741 (Road) 26-27 (D) पo निo विo, पथ प्रमण्डल, चतरा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/GUMLA/21/2026-27**
1.कार्य की विस्तृत विवरणीः (आई०टी०डी०ए० मद)

ग्रुप० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	ग्राम– पुगू प्रखण्ड– गुमला जिला – गुमला में वृहद धुमकुड़िया भवन का निर्माण।	4,99,72,400.00	9,99,500.00	10,000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.09.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.09.2026 से दिनांक 29.09.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.10.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (सबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 388763 Rural Development(26-27).D ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर छ.ग.

दूरभाष नं. 07752-225545 फैक्स नं. 07752-225545
E-mail-Id actd.bilaspur@nic.in

क्रमांक / प्रयास / निविदा / 2026-27 / 1401
बिलासपुर दिनांक 31/08/2026

प्रयास आवासीय विद्यालय रमतला बिलासपुर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा गार्ड हेतु "रूचि की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण वर्ष 2026-27

-: विज्ञप्ति :-

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय (बालक खण्ड एवं बालिका खण्ड) रमतला बिलासपुर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु 03 पुरुष एवं 03 महिला सुरक्षा गार्ड वर्ष 2026-27 के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के तहत सुरक्षा एजेंसियों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रपत्र, रू. 500.00 का चालान ("मुख्य शीर्ष 0250 अन्य सामाजिक सेवाएं अनुसूचित जनजाति 102 अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों का कल्याण 0175 आदिवासी अनुसूचित जातियों की योजनाओं से प्राप्तियां") जमा करने पर अधोहस्ताक्षर कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

निविदा फार्म बंद लिफाफे में स्वीकार किये जायेंगे, लिफाफा "अ" में तकनीकी दस्तावेज एवं लिफाफा "ब" में वित्तीय प्रस्ताव देना होगा। रू. 10600/- की अमानत राशि का डी.डी. जो सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट बिलासपुर शाखा पर देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। जो तकनीकी दस्तावेज के साथ लिफाफा "अ" में रखने होंगे।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि- 18/09/2026 सायं: 05:00 तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- 21/09/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि- 21/09/2026 अपरान्ह 04:00
(स्थान की सूचना पृथक से दी जायेगी)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
G-262703053/1 बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

दिनांक 31.08.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. दिनांक	सिस्टम आई डी क्र.	कार्य का नाम
1	01/SAC/ 2026-27	2026_MoRTH_ 923448_1	Construction of Retaining wall and pitching work in km 21+200 to 21+700 and Km 50+700 to 50+900 = 700 m. of NH 63 in Chhattisgarh State under Road safety Annual Plan 2026-27.

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.09.2026 शाम 05:30 बजे तक है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
G-262703044/3 राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर

कार्यालय सेनानी, 4थी वाहिनी छसबल, माना-रायपुर (छ.ग.)

क्र.-4थी बटा./छसबल/माना/सा.अ./A/1537-A/2026, दिनांक 31/08/2026

निविदा विज्ञप्ति

पुलिस आफिसर्स मेस (को-ऑर्डिनेशन सेंटर) रायपुर में निम्नानुसार कार्य कराए जाने हेतु सेनानी, 4थी वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से 02 लिफाफा पद्धति अंतर्गत (लिफाफा "अ" में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा "ब" में फायनेंसियल बीड) मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक, कार्य का नाम तथा निविदाकार का पूर्ण नाम एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

स. क्र.	कार्य का नाम	स्वीकृति राशि रू.	अमानत राशि
1	पुलिस आफिसर्स मेस (को-ऑर्डिनेशन सेंटर) रायपुर में रेनोवेशन कार्य (1. Paver Work, 2. Conference Room Wall Paneling & Wall Paper, 3. Granite Framing for Mosquito Mess and Laundary Room) कराये जाने हेतु।	14,43,706.00	27,750.00
2	पुलिस आफिसर्स मेस (को-ऑर्डिनेशन सेंटर) रायपुर में रेनोवेशन कार्य (1. Mosquito Mess, 2. Fountain Room & Conference Room, 3. Secound Floor Hall and Comman Toilet and Suite Room (Presidential Suite)) कराये जाने हेतु।	13,30,035.00	

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) प्रस्तुत करने पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए रूपये 300.00 मात्र की राशि कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियम पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी, 4थी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना-रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चालान की मूल प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र दिनांक 18-09-2026 के 17:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकेंगे।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि :- 18.09.2026 को समय 17:00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 29.09.2026 को समय 15:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि :- 29.09.2026 को समय 16:00 बजे तक।

नोट:- 1. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्ते टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी, 4थी वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना-रायपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सेनानी
4थी वाहिनी छसबल
G-262703045/2 माना-रायपुर (छ.ग.)



हैवान का दूसरा गाना रंगियारा रिलीज, सैफ की मिली झलक

नई दिल्ली। ट्रेलर से बनी एक्साइटमेंट और फिल्म के पहले गाने 'मेरे हीरो हैं वो' से बने इमोशनल कनेक्शन के बाद, जी म्यूजिक कंपनी और 'हैवान' के मेकर्स ने 'रंगियारा' गाना रिलीज किया है। यह सैफ अली खान के किरदार का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा इंट्रोडक्शन सॉन्ग है। प्रीतम के म्यूजिक, यतींद्र मिश्रा और थॉमसन एंड्रयूज के लिरिक्स और शान, सुखविंदर सिंह व रोमी की आवाज वाला यह गाना 'हैवान' की दुनिया में एक अलग तरह की म्यूजिकल एनर्जी लाता है। इसमें दर्शकों को फिल्म में सैफ अली खान की पहली लंबी झलक देखने को मिलती है।



लाइफ Style

श्रुति

जो मेरे हित में न था, उसे बहा दिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जानी-मानी अभिनेत्री श्रुति हासन ने साउथ हो या बॉलिवुड दोनों इंडस्ट्री में संतुलन साधना सीखा है। आठ साल की उम्र से बाल कलाकार के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली श्रुति का मानना है कि बीते सालों में सिनेमा ने उन्हें काफी मजबूत बनाया है।

श्रुति उन अभिनेत्रियों में से हैं जो मुद्दों पर बात करने में पीछे नहीं रहतीं। वे कहती हैं, 'मैं हमेशा से उन बातों पर अपना टेक या विचार रखना पसंद करती हूं, जो मेरा अपना अनुभव हो या जिसे मैंने करीब से देखा हो। मैंने आज तक उन रैंडम टॉपिक, पॉलिटिकल या सोशल विषयों पर बात नहीं की, जिसकी मुझे जानकारी न हो। मैं अपने अनुभवों के आधार पर बात करना पसंद करती हूं।' वे कहती हैं, 'मैंने जब लक से अपने कॅरियर की शुरुआत की, तब मेरे काम को दर्शकों ने नकार दिया था। लोगों ने मेरी काफी आलोचनाएं कीं। वह मेरे लिए सबसे बड़ा रिजेक्शन था, मगर मैंने उस आलोचना को कंस्ट्रक्टिव्ली लिया। मैंने आलोचनाओं को छननी की तरह लिया, जो मेरे हित में था, उसे अपनाया और जो नहीं था, उसे बहा दिया। मैंने लगातार अपनी गलतियों और कमियों से सीखा। मैंने कोशिश की कि किसी खांचे या फॉर्मूला में न अटकूं।' उनका कहना है कि 'हमारे देश के बारे में कहा जाता है कि विविधता में एकता है, मगर वो विविधता कभी घटती नहीं। आप अगर विकास में यकीन करेंगे, तो चाहे आप सिनेमा हों या मेडिसिन अथवा शिक्षा, विविधता को सकारात्मक रूप में लेंगे, मगर यदि आप संकीर्ण विचारधारा रखेंगे, तो यही डायवर्सिटी आपको नकारात्मक लगेगी।

हॉलीवुड मसाला



अब ऑफर भी करेंगे तो नहीं करूंगी काम

लॉस एंजिल्स। गैल गडोट ने डीसीयू के साथ रिश्ते खत्म करने पर सीधे तौर पर जमकर नाराजगी जताई, साथ ही 'सुपर मैैन' हेनरी केविल और डायरेक्टर पैटी जेनकिंस के साथ स्टूडियोज के खराब व्यवहार पर सवाल उठाए। एक इंटरव्यू में गैल गैडोट ने बताया अब वो वंडर वुमन के किरदार में वापसी नहीं करेंगी और अगर उन्हें वंडर वुमन का रोल ऑफर किया भी जाए तो भी वो वापस नहीं आएंगी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मेरे लिए एक और वंडर वुमन फिल्म करना मुश्किल है। मुझे पक्का नहीं पता कि जिंदगी के इस पड़ाव पर, जब मेरे चार बच्चे हैं।



स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे का बॉक्स ऑफिस पर भूचाल

लॉस एंजिल्स। टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी है। दुनियाभर में फिल्म की कमाई का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा और हर दिन फिल्म नए रिकॉर्ड बना रही है। अब फिल्म ने वल्डवाइड कलेक्शन में एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' ने इससे पहले एक और रिकॉर्ड तोड़ा था। इस फिल्म ने 'टाइटैनिक' और 'एवेंजर्स: एंडगेम' के बाद सबसे ज्यादा फुटफॉल हासिल कर दुनिया भर में हाईएस्ट फुटफॉल लिस्ट में तीसरे नंबर पर जगह बनाई। इस फिल्म ने अब बॉक्स ऑफिस पर भी रिकॉर्ड तोड़ तबाही मचा दी है। जेम्स कैमरून की 'अवतार: द वे ऑफ वॉटर' को पीछे छोड़ते हुए 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म की धुआंधार कमाई ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है।



हनुमान अंश में अभिनय से किया कायल

नई दिल्ली। अभिनेत्री पूर्णिमा तिवारी सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी और ग्लैमर के लिए मशहूर हैं। हालांकि, उन्होंने फिल्म 'हनुमान अंश' में एक बिल्कुल अलग अवतार अपनाया है। अभिनेत्री ने नीम करोली बाबा की पत्नी रामबेटी शर्मा का किरदार निभाया है। इस रोल के लिए उनके ट्रांसफॉर्मेशन ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। नीम करोली बाबा का किरदार निभाने वाले अभिनेता शोभिनव सत्या को उनकी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली है। रामबेटी शर्मा के किरदार के लिए लोगों का ध्यान खींच रही हैं। पूर्णिमा 'हनुमान अंश' में नीम करोली बाबा की पत्नी रामबेटी का किरदार निभा रही हैं। उनका किरदार कहानी में एक इमोशनल पहलू जोड़ता है। फिल्म बाबा के आध्यात्मिक रास्ते को पूरी तरह अपनाने से पहले के शुरुआती दौर से रामबेटी के सफर को दिखाती है।



मैसा की रिलीज डेट का हुआ ऐलान

मुंबई। रश्मिका मंदाना की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मैसा' की रिलीज डेट लॉक हो चुकी है। यह फिल्म इस साल नवंबर में रिलीज होगी। रश्मिका मंदाना फिल्म में जबर्दस्त इंटेंस अवतार में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। 'मैसा' को भारत की पहली फीमेल-लीड पैन-इंडिया फिल्मों में से एक बताया जा रहा है, जिसमें रश्मिका अपने अब तक के सबसे इंटेंस अवतार में नजर आएंगी। मेकर्स की ओर से अब तक जारी हुए लुक पोस्टर्स में अभिनेत्री की झलक ने दर्शकों का दिल जीत लिया है और इस फिल्म को लेकर माहौल बन चुका है। रश्मिका मंदाना शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर हैं और अक्सर किरदारों में पूरी तरह ढल जाती हैं। इस बार भी फिल्म 'मैसा' में दर्शक उनसे यही उम्मीद कर सकते हैं।

टीवी मसाला



बिग बॉस 20 में नजर आ सकते हैं ये पांच सेलेब्स

नई दिल्ली। सलमान खान के मोस्ट अवेटेड रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का आगाज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। शो को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट है और हर दिन नए कंटेस्टेंट्स के नाम सामने आ रहे हैं। इस बार शो में करीब 17 सदस्यों के शामिल होने की खबर है। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक कंटेस्टेंट्स की लिस्ट जारी नहीं की गई है, हालांकि टेंटेटिव लिस्ट सामने आ गई है। रिया अहीर और लव गिल में से कोई एक इस शो का हिस्सा बनेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे का नाम 'बिग बॉस 20' के लिए लगभग तय माना जा रहा है। 'भोजपुरी बवाल' जैसे शोज से पूरे भारत में चर्चा का विषय बनने वालीं आम्रपाली के शो में आने की खबर ने भोजपुरी दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। इसके अलावा अभिनेत्री गीता बसरा, कॉमेडियन सुनील पाल और शोविक चक्रवर्ती के नाम भी कंटेस्टेंट्स की संभावित लिस्ट में शामिल बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इन तीनों की शो में एंट्री लगभग पक्की है। 'बिग बॉस 20' के लिए टीवी और डिजिटल दुनिया से जुड़े कई नामों की चर्चा हो रही है।

राइज एंड फॉल 2 में शिरकत करने की तैयारी

नई दिल्ली। अभिनेता गोविंदा ने बीते दिनों ऐलान किया था कि फिल्म 'रूपा' से वे बड़े पर्दे पर कमबैक करने को तैयार हैं। इस बीच ऐसी चर्चा है कि वे रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में हिस्सा ले सकते हैं। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने नेटफिलिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप- सच या सजा' के जरिए अपना रियलिटी शो डेब्यू किया। बीते दिनों इस शो से उन्होंने खूब लोकप्रियता बटोरी। अब उनके बाद गोविंदा भी रियलिटी शो में हिस्सा लेने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे चर्चित रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में शिरकत कर सकते हैं। गोविंदा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा ने उन पर किसी अन्य हीरोइन के साथ अफेयर होने जैसे आरोप लगाए हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Acadeic Head and Teachers Required for Raipur, Bagbahra and Pithora Branches to Teach English, Maths,Science, SSt. Experienced, English Medium B.Ed. candidate will be preferred, Send resume, contact 9425214413, 9329621221, 7772862917.(आरो-268)

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- रायपुर शंकरनगर ऑफिस में -(1)कार चलाने हेतु अनुभवी, कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय/गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 9893132000.(आरो-420)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.(आरो-309)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ऑफिस/ डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- ऑफिस के कार्यों के साथ ही समय-समय पर डिलीवरी करने हेतु एक मेहनती ऑफिस/डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है। अपना बायोडाटा 9755763666 पर व्हाट्सएप या snaco43@gmail.com पर मेल करें।(आरो-110)

वेल्डर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फैब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थान: बा रा डे रा - ध न सु ली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173.(आरो-064)

ऑफिस स्टॉफ/ अकाउंटेंट

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता- अकाउंटेंट Tally ERP 9 (मेल/ फीमेल), मैनुअल क्लेरिकल वर्क स्टॉफ (मेल/ फीमेल), फील्ड स्टॉफ (मेल/ फीमेल), आफिस बॉय (दोपहिया वाहन आवश्यक), जय अम्बे एग्रो इंडस्ट्रीज, अवंति विहार, 400 मीटर आगे एटीएम चौक से, एस्थेटिक इर्नस्टिट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन कॉलेज के पास, रायपुर। फोन- 8602598092, 9243826347.(आरो-420)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो -4169)

घरेलु/ड्रायवर कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में एक फैमिली की आवश्यकता हैं। पत्नी जो घर मे रहकर घर के कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो बुलेरो पिकअप चला सके उसे प्राथमिकता। रहने/ बिजली, पानी की सुविधा, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क:- 9893413130, 9425509393. (आरो-418)

घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविललाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षाः न्यूनतम 10वीं पास वेतनः 25,000 प्रतिमाह रहने की व्यवस्था है स्थान: सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क: 9109972720 / 9109125252.(आरो-065)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग हेतु महिलाओ की, माल छोड़ने लड़कों की, घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क करें:- बोरियाखुर्द रायपुर 9893115061. (आरो-839)

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576. (आरो-A)

क्लासीफाईड

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरो-815)

ड्रायवर

आवश्यकता है- शंकरनगर में ईमानदार ड्रायव्हर की आवश्यकता है समय सुबह 8 से रात 8। बुढापारा में झाडू पोछा बर्तनके लिये पार्ट टाईम बाई की आवश्यकता है। मो 9691669111. (आरो-398)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूरी में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट बेचना है सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सभी सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54= 4077 सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)



ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध मे किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी बात-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करे। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध मे किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नही होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध मे उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

RAIPUR SMART BUSINESS

GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर-1, जुबेस्टा हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

कोचिंग माफियाओं का ....

के जरिए बुनियादी सुविधाएं जुटाई और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष कोचिंग देने में महारत हासिल होने की वजह से उनका चयन इस पुरस्कार के लिए हुआ है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए अधिकतर छात्र कोचिंग संस्थान जाते थे। गरीब छात्रों के लिए यह मुश्किल था। ऐसे में कोचिंग संस्थानों का वर्चस्व समाप्त करने और छात्रों को विद्यालय में ही उचित शिक्षा दिलाने मुहिम शुरू की। खास बात यह रही कि उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और रेलवे, पटवारी तथा बैंक क्लर्क जैसी परीक्षाओं में चयनित भी हुए थे। लेकिन उन्होंने शिक्षा का मार्ग चुना।

119 विद्यार्थियों को दिलाई छात्रवृत्ति : शिक्षक पवन कुमार सिंह अपने विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाते हैं। अब तक विद्यालय के 119 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) में तथा पांच विद्यार्थियों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हो चुका है। इसके अलावा आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों, विशेषकर बालिकाओं के लिए निःशुल्क ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें छात्रवृत्ति और आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है।

मल्टीमीडिया, एआई आधारित ...

खेल-खेल में शिक्षा को बढ़ावा देना तथा मल्टीमीडिया और एआई आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करना जैसे पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। विद्यालय के शिक्षकों, संस्था प्रमुख, पालकों और ग्रामवासियों के सहयोग से वर्ष 2011 के बाद विद्यालय में कई विकास कार्य किए गए, जिसके परिणामस्वरूप आज विद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता है और वह राज्यभर में शिक्षकीय एवं सामुदायिक सहभागिता के उत्कृष्ट मॉडल के रूप में पहचाना जाता है।

ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स ...

राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। संतोष साहू ने अपने 21 वर्षों के सेवाकाल में विशेष रूप से सोमनापुर नया विद्यालय को शैक्षणिक गतिविधियों का बेहतर केंद्र बना दिया। उनके प्रयासों से आसपास के करीब आठ गांवों के विद्यार्थी इस विद्यालय में पढ़ने के लिए आते हैं। कमजोर विद्यार्थियों की पढ़ाई सुधारने में विशेष ध्यान दिया जाता है। शाला त्याग चुके और अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए वे घर-घर गए। कई बार पालक आसानी से मान जाते को कई बार बच्चों को स्कूल वापस लाने कठिनाई होती। उनके प्रयासों से अब तक 50 से अधिक विद्यार्थियों को 10वीं और 12वीं की ओपन परीक्षा में शामिल हुए।

बोर्ड में 100% परिणाम : विद्यालय की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में लगातार शत-प्रतिशत 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शामिल है। यहां के एक विद्यार्थी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा की राज्य प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय ओलंपियाड क्विज में प्रथम स्थान के साथ खेलकूद, कला उत्सव और विज्ञान प्रदर्शनी में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यही वजह रही कि विद्यालय के छात्र पंकज साहू को जापान यात्रा का अवसर मिला, जो इस क्षेत्र में ग्रामीण स्कूल की असाधारण उपलब्धि रही। पहले कभी इस इलाके के किसी छात्र को ऐसा अवसर नहीं मिला है। यह शिक्षक के मार्गदर्शन और विद्यालय में तैयार किए जा रहे अवसरों की कहानी कहता है।

हरित परिसर, तंबाकू मुक्त संस्थान : विद्यालय में जनसहयोग से यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से 25 हजार रुपए इकट्ठा कर 250 पौधों का रोपण और संरक्षण कराया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक बनाने के साथ बाउंड्रीवॉल पर शैक्षणिक चित्र एवं सामग्री से 'प्रिंट रिच' वातावरण तैयार कराया गया। नशामुक्ति को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप शासकीय हाईस्कूल सोमनापुर नया जिले का पहला 'तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान' बना।

मिल चुके हैं अनेक सम्मान : संतोष कुमार साहू को उनके कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के तहत 'श्रेष्ठ प्राचार्य पुरस्कार-2023' एवं 'शिक्षा श्री पुरस्कार-2022', छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान, इंटरनेशनल यूनिटी अवार्ड, सावित्री बाई फुले सम्मान और राधाकृष्णन सम्मान मिल चुका है।

छत्तीसगढ़-मप्र की ...

खुराक भी शरीर को नहीं लगती, ठीक वही स्थिति हमारी मिट्टी की हो गई है। जैविक कार्बन का संकट: छत्तीसगढ़ की 48.43% और मध्य प्रदेश की 35.01% मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन का स्तर बेहद कम हो चुका है।

ये हो रहा है साइड इफेक्ट : छत्तीसगढ़ की 36.86% और मध्य प्रदेश की 48.55%जमीन में जिंक खत्म हो रहा है। जब मिट्टी में जिंक नहीं होता, तो गेहूं और चावल के दाने में भी जिंक नहीं पहुंच पाता। ऐसा अनाज खाने से लोगों में जिंक और आयरन की कमी हो रही है, जिससे बच्चों और महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता की समस्या पैदा हो रही है।

केसीजी जिले में ....

संतोष पांडेय सहित जिले के विधायक, पूर्व विधायक और भाजपा और कांग्रेस से जुड़े नेताओं के साथ साथ प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रहेगी। खैरागढ़ के राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में दोपहर तीन बजे से आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला एवं पुलिस प्रशासन, समाजसेवी, व्यापारी सहित सभी क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। जिला संवाद कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका तामस्कार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह, खैरागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष डा. राजेश्री त्रिपाठी, नगर पालिका खैरागढ़ की अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, गंडई नगर पंचायत लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, छुईखदान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, भाजपा के जिला अध्यक्ष बिशेसर साहू, कांग्रेस के अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू उपस्थित रहेंगे। जिला संवाद कार्यक्रम में खैरागढ़ राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति लवली शर्मा, सीएमएचओ डा. आशीष शर्मा, व्यापार जगत से नरेन्द्र बोथरा, समाजसेवी भागवत शरण सिंह तथा शिक्षाविद पीसी लाल यादव भी अपने विचार रखेंगे। जिला संवाद में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

भूपेश के पीए ....

केके चंद्रवंशी के भिलाई-3 स्थित आवास विश्वबैंक कालोनी पर पहुंची। ईडी के अधिकारी इनोवा कार सीजी 04 पीपी 2203 और ट्राइबर कार सीजी 07 सीओ 6964 से पहुंचे थे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर टीम मकान में दबिश दी। इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति को मकान के भीतर प्रवेश या भीतर से बाहर जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। केके चंद्रवंशी कृषि विभाग में कार्यरत रहते हुए लंबे समय तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पीए रहे। लगभग तीन साल पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ईडी की टीम केके चंद्रवंशी और पूर्व पटवारी कमलेश सिंह राजपुत के यहां सीसी पीएससी घोटाले को लेकर पहुंची थी। ईडी के टीम को दोनों के निवास से कई अहम दस्तावेज मिलने की जानकारी मिली है। ईडी सुबह 6 बजे से देर शाम तक दोनों मकानों से निकली है। मकान के भीतर से ईडी की टीम कई दस्तावेज के साथ बाहर निकली। इस कार्रवाई को बहुचर्चित शराब घोटाला से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

सुबह-सुबह हुई इस बड़ी कार्रवाई से प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी की यह दबिश शराब घोटाले और सीजी पीएससी के मामले में हुई हालिया गिरफ्तारियों और पूछताछ का नतीजा है। कुछ दिन पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया था।

अहम दस्तावेज भी मिलने की चर्चा : बताया जा रहा है कि दस्तावेजों व वित्तीय लेनदेन के इनपुट के आधार पर केके चंद्रवंशी का नाम सामने आया है, जिसके बाद जांच एजेंसी ने यह कदम उठाया। ईडी के अधिकारियों ने बंद कमरे में चंद्रवंशी के परिजनों की मौजूदगी में घर के कोने-कोने की तलाशी ली।

ईडी ने अपर .....

की कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। चेतन बोरघारिया पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रह चुके हैं।

न्याय के साथ जन ....

जनहित याचिकाओं का निपटारा किया जा चुका है। इस पहल से सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात प्रबंधन, परिवहन, पीड़ित मुआवजा और बिजली आपूर्ति जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण सुधार हुए और आम जनता के लिए सेवाओं में सुधार हुआ। चीफ जस्टिस ने पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को कम करने और न्याय वितरण प्रणाली की कार्यक्षमता को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल की शुरुआत में, 1 अप्रैल 2023 को कुल 92,316 मामले लंबित थे। निरंतर प्रशासनिक एवं न्यायिक प्रयासों के माध्यम से 31 जुलाई 2026 तक लंबित मामलों की संख्या घटकर 73,439 हो गई।

प्रमुख पहल....

- विशेष रूप से निर्धारित एवं सूचीबद्ध मामलों के लिए प्रत्येक सप्ताह औसतन 4 से 5 विशेष खंडपीठों का गठन। - आवश्यकता पड़ने पर छुट्टियों के दिनों में भी विशेष पीठों का गठन किया गया, ताकि न्याय तक पहुंच निर्बाध बनी रहे।

जस्टिस मोहपात्रा होंगे ....

नियुक्ति की अनुशंसा की है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा 4 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। इधर, जस्टिस कृष्ण राम मोहपात्रा का तबादला छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट किया गया है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की अनुशंसा की गई है।

पेज एक के शेष

नक्सलमुक्त बस्तर में फाइटर...

संशोधन को मंजूरी दी गई थी। इससे पहले बस्तर फाइटर के लिए पूरे बस्तर संभाग के युवाओं को शामिल किया जाता था।छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग ने बस्तर संभाग में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रभावी नियंत्रण, स्थानीय युवाओं को रोजगार और सुरक्षाबलों को और मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स) फाइटर आरक्षक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2026 जारी किया है। इस बल का विस्तार बस्तर संभाग के समस्त जिलों में होगा। **18 से 28 साल आयु छूट भी मिलेगी** : इस भर्ती के लिए आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है । आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशित होने वाले वर्ष की 1 जनवरी के आधार पर की जाएगी । आयु में छूट, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। ।

महिलाओं को 30 फीसदी...

की महिलाओं के लिए न्यूनतम 153 सेमी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिए 148 सेमी ऊंचाई निर्धारित की गई है।

शैक्षणिक योग्यता ये...

होंगे। चयन प्रक्रिया के संचालन के लिए संबंधित रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नामांकित पुलिस अधीक्षक (अध्यक्ष), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/उप सेनानी या उप पुलिस अधीक्षक स्तर के दो अधिकारियों (सदस्य) की समिति गठित की जाएगी। इस समिति में महिला अधिकारी का होना भी अनिवार्य किया गया है।

नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज...

बिहार व पश्चिम बंगाल राज्यों ने विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ी प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है। हालांकि, केंद्र सरकार की गुजारिश मानते हुए न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे, गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड वाले 2,873 लोगों के खिलाफ नयी प्राथमिकी दर्ज करने की इजाजत दे दी।

'कैच द रेन' सत्र के समापन में...

और समयबद्ध कार्यबिंदु भी रखेंगे। मुख्यमंत्री सम्मेलन में भाग लेने मंगलवार को शाम 7 बजे दिल्ली पहुंच गए। कल बुधवार को नई दिल्ली में सम्मेलन के समापन में प्रदेश में जल संरक्षण, जल संचय, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़े मॉडल देश के सामने रखे जाएंगे।

न जाएं विदेश और न ही...

कहा, देशवासियो, बहुत-बहुत बधाई। 7.8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर। देश खुशियों से भर गया है, लेकिन देशवासियों को मैं बधाई देता हूं उनकी संकल्प शक्ति के लिए, उनके पुरुषार्थ के लिए। (यह उपलब्धि) एक सामूहिक शक्ति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, दुनिया युद्ध में डूबी हुई है, चारों तरफ युद्ध की खबरें आ रही हैं, विश्व संकटों से घिरा हुआ है, आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह बाधित है और 2020 के कोविड काल से अब तक, कहीं पर भी स्थिरता नजर नहीं आ रही है। उसके बावजूद भी भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है।

कांग्रेस ने साधा निशाना

'जीडीपी आंकड़े जमीनी हकीकत से दूर, मोदी सरकार बदहाल आर्थिक हकीकत छिपा रही'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार बार-बार पद्धति का तरीका बदलकर जीडीपी के आंकड़ों को अपने हिसाब से सेट कर रही है और भारत की बदहाल आर्थिक हकीकत को छिपाया जा रहा है। पार्टी ने तथ्यों के साथ बताया कि हालिया 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का आंकड़ा जमीनी हकीकत से पूरी तरह दूर है और देश की जनता इस समय महंगाई, बेरोजगारी एवं गिरती आय समेत विभिन्न आर्थिक संकटों से बुरी तरह जूझ रही है। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी नेता और अर्थशास्त्री सलमान सोज ने कहा कि देश के लोग इन आंकड़ों पर विश्वास नहीं करते। जनता पूछ रही है कि अगर अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है, तो उसका असर जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा?

राहुल को देश से माफी मांगनी होगी : प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि अप्रैल-जून 2026 तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 फीसद रही, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत आर्थिक प्रबंधन को दर्शाती है। पार्टी ने राहुल गांधी के भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' बताने वाले बयान की निंदा करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की। लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को नई दिल्ली पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अभी जो रिपोर्ट आई है, उसमें अप्रैल-जून 2023 की तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8 फीसद रही है। राहुल गांधी ने कहा था, "इंडियन इकॉनमी विल बी अ डेड इकॉनमी! अ बिग इकॉनमिक सुनामी इज कमिंग!" राहुल गांधी के इन्हीं शब्दों के बाद अब 7.8 फीसद की ग्रोथ रेट सामने है। क्या राहुल गांधी को कुछ शर्म है? राहुल को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

यह केवल आंकड़ों की बाजीगरी



वहीं एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जीडीपी के आंकड़े केवल आंकड़ों की बाजीगरी हैं। बार-बार पद्धति बदलकर, मोदी सरकार जीडीपी आंकड़ों को अपने अनुसार तय कर रही है और भारत की बदहाल आर्थिक सच्चाई को छिपा रही है। उन्होंने कहा कि नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी के बीच का अंतर महंगाई को दर्शाता है और सरकार के अनुसार यह अंतर सिर्फ 2.3 प्रतिशत है। लेकिन इसी तिमाही में थोक मूल्य सूचकांक महंगाई 9 प्रतिशत से अधिक रही है।

वोट चोरी के आरोपों पर फिर गरमाई सियासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खड़गे का निर्वाचन आयोग पर हमला



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और निर्वाचन आयोग पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। खड़गे ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उसे 'भाजपा की कुर्सी बचाओ आयोग' तक कह दिया। खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदाता सूची में हुए बदलावों का हवाला देते हुए दावा किया कि एक सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के नाम जोड़े और हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश अब 'वोट चोरी' के खिलाफ एकजुट हो रहा है और लोकतंत्र को कमजोर करने की किसी भी कोशिश की सजा मिलनी चाहिए। खड़गे के आरोपों की पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र का मामला पहले से ही कांग्रेस और निर्वाचन आयोग के बीच विवाद का विषय रहा है। 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच मतदाताओं की संख्या में करीब 40.81 लाख की शुद्ध वृद्धि हुई थी। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के समय महाराष्ट्र में 9,29,43,890 मतदाता थे। विधानसभा चुनाव के समय तक 48,81,620 नए मतदाता जोड़े गए और 8,00,391 नाम हटाए गए।

चार साल में दूसरी बार सेना के किसी ठिकाने से चोरी हुए हथियार, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। भारतीय सेना के तेलंगाना स्थित मद्रास रेजिमेंट परिसर में शामिल सिकंदराबाद छावनी से हथियारों की चोरी का एक बड़ा गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें 4 से 5 एके सीरीज की राइफलें, 1 इंसास राइफल, 7 पिस्टल के अलावा बड़ी मात्रा में गोलाबारूद और एक पैसिव नाइट विजन दूरबीन (19 हजार राउंड और 21 मैगनीज शामिल) चोरी हो गया है। मामले को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अपनी व्यापक जांच शुरू कर दी है।

नेपाल की बाढ़ में बह गए 1600 बच्चों वाले स्कूल के पुनर्निर्माण में मदद करेगा भारत

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। नेपाल में बीते दिनों आई भीषण बाढ़ अपने पीछे से प्रभावित इलाकों में सिर्फ और सिर्फ तबाही के डरावने निशान छोड़ गई है। एक ओर रोते बिलखते लोग हैं, जिनका घर-बार पूरी तरह से इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आकर तहस नहस हो गया है। तो दूसरी ओर कुछ ऐसे भी हैं, जो अपनों की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इन सबके बीच अपने निकट पड़ोसी मित्र देश की मदद के लिए भारत ने खुले दिल से मदद का हाथ आगे बढ़ाया है।

जमीन विवाद, यूसुफ पठान की याचिका खारिज

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर और सांसद यूसुफ पठान की सरकारी जमीन से जुड़े मामले की याचिका खारिज कर दी। पठान ने वडोदरा नगर निगम की 978 वर्ग मीटर जमीन के आवंटन की मांग की थी, जिसे राज्य सरकार पहले ही खारिज कर चुकी है। पठान के वकील ने सोमवार को याचिका वापस लेने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने इसे वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया।

राशिफल

मेष संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
जोन क्र.01 सकरी

मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा सूचना

निविदा क्र./23/जोन क्र.01 सकरी/जन.कार्य.वि./2026 सकरी, दिनांक 01/09/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र.	कार्य विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
01	शासकीय बालक मिडिल स्कूल सकरी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य । (पिडब्लू.डी. भवन एसओआर 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रिक एसओआर 01.06.2020)	8.07	16.09.2026

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई– www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.01 न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

राजस्व मामले में नोटिस
समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी
मामले का विषय राजस्व प्रकरण
मामला क्रमांक 202602130400030/अ-27
वर्ष 2025-26

शारदा प्रसाद खरे पिता स्व. शिवप्रसाद खरे, निवासी-कोष्टापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी छ.ग. .....**अपीलार्थी**

दावा

1-संतोष खरे पिता शिवप्रसाद खरे, 2-विजयप्रकाश खरे पिता राधेश्याम खरे, 3-ओमप्रकाश पिता राधेश्याम खरे, 4-कान्तीप्रकाश खरे पिता राधेश्याम खरे, क्र. 1 से 4 निवासी कोष्टापारा वार्ड धमतरी, 5-जयनारायण श्रीवास्तव पिता शशिभूषण श्रीवास्तव, निवासी-ब्राम्हणपारा वार्ड श्रीवास्तव चौक धमतरी, 6-प्रमिला श्रीवास्तव पति स्व. विजय श्रीवास्तव, 7-यतीश भूषण श्रीवास्तव पिता स्व. विजय श्रीवास्तव, 8-शांतिभूषण श्रीवास्तव पिता स्व. विजय श्रीवास्तव, 9-अनिमेष श्रीवास्तव पिता स्व. विजय श्रीवास्तव, क्र. 6 से 9 निवासी ग्राम कण्डेल तहसील व जिला धमतरी, 10-वर्षा खरे पिता स्व. कमलनारायण खरे, 11-अनुसूईया बेवा कमलनारायण खरे, निवासी क्र. 10 एवं 11 निवासी दिग्विजय सिंह मार्ग कायस्थ मोहल्ला सोनारपारा राजनांदगांव, 12-चन्द्रकला श्रीवास्तव (खरे) पति प्रभातकुमार खरे, 13-पल्लवी पिता प्रभात कुमार खरे, 14-समीर पिता प्रभात कुमार खरे, क्र. 12 से 14 निवासी गोकुलपुर वार्ड लक्ष्मी निवास के पास धमतरी तह. व जिला धमतरी, 15-कमलनारायण श्रीवास्तव पिता शशिभूषण श्रीवास्तव, ब्राम्हणपारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी..... **उत्तरवादीगण**

एतद् द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक 3-ओमप्रकाश पिता राधेश्याम खरे, 4-कान्तीप्रकाश खरे पिता राधेश्याम खरे, निवासी निवासी कोष्टापारा वार्ड धमतरी, 5-जयनारायण श्रीवास्तव पिता शशिभूषण श्रीवास्तव, निवासी ब्राम्हणपारा वार्ड श्रीवास्तव चौक धमतरी, 6-प्रमिला श्रीवास्तव पति स्व. विजय श्रीवास्तव, 8-शांतिभूषण श्रीवास्तव पिता स्व. विजय श्रीवास्तव, 9-अनिमेष श्रीवास्तव पिता स्व. विजय श्रीवास्तव, निवासी ग्राम कण्डेल तहसील व जिला धमतरी, 10-वर्षा खरे पिता स्व. कमलनारायण खरे, 11-अनुसूईया बेवा कमलनारायण खरे, निवासी दिग्विजय सिंह मार्ग कायस्थ मोहल्ला सोनारपारा राजनांदगांव, 12-चन्द्रकला श्रीवास्तव (खरे) पति प्रभातकुमार खरे, 13-पल्लवी पिता प्रभात कुमार खरे, 14-समीर पिता प्रभात कुमार खरे, निवासी गोकुलपुर वार्ड लक्ष्मी निवास के पास धमतरी तह. व जिला धमतरी, 15-कमलनारायण श्रीवास्तव पिता शशिभूषण श्रीवास्तव, ब्राम्हणपारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी शारदा प्रसाद खरे पिता स्व. शिवप्रसाद खरे, निवासी कोष्टापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक-01 से 15 के विरूद्ध न्यायालय तहसीलदार धमतरी के राजस्व प्रकरण क्रं. 7/अ-27, वर्ष 2013-14 में पारित आदेश दिनांक 07.09.2018 के विरूद्ध इस न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी में अपील प्रस्तुत किया गया था। उक्त प्रकरण में न्यायालय आयुक्त संभाग रायपुर के अपील प्र.क्र. 202205970200003/241/अ-27 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 15.01.2026 के अनुसार इस न्यायालय अ.वि.अ. (रा.) धमतरी के अपील प्र.क्रं. 202009130400012, अ/27 वर्ष 2019-2020 में परिसीमा अधिनियम की धारा 5 अंतर्गत पारित आदेश दिनांक 09.02.22 को निरस्त करते हुए अपील को गुण-दोष के आधार पर निराकरण हेतु निर्देशित है। अतएव इस न्यायालय में प्रकरण प्रचलित है। जिसमें आप उत्तरवादीगण की उपस्थिति अनिवार्य है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 16/09/2026 को दिन के प्रातः 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी पर होगी।

अतः आप उत्तरवादीगण इस न्यायालय की उक्त सुनवाई तिथि 16/09/2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कर दिया जावेगा।

जारी दिनांक 25/08/2026
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमतरी (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
टेंडर नोटिस

निविदा सूचना संख्या: टीआरडी आर-2026-E08 दिनांक: 27.08.2026 काम का नाम: रायपुर मंडल में विद्यमान स्काडा प्रणाली का 2x25 kV स्काडा प्रणाली में उन्नयन। निविदा मूल्य: ₹3,16,40,000/- बीड सेक्यु: ₹6,32,800/- निविदा प्रस्तुत करना: 12:00 बजे तक दिनांक 28.09.2026 निविदा खोलना: 12:30 बजे दिनांक 28.09.2026 टेंडर दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ क.वि./ रायपुर
PR/R/TRD/D360/198
South East Central Railway @secrail

रॉंची मंडल के तहत ट्रेनों के एसएलआर के लिए ई-नीलामी सूचना

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 दिनांक: 31.08.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रॉंची द्वारा रॉंची मंडल के तहत ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण

खबर संक्षेप



पारले बिस्कुट ने कोवूर को नियुक्त किया सीईओ

मुंबई। पारले-जी, मोनाको, हाइड एंड सीक और मेलोडी जैसे उत्पाद बनाने वाली पारले बिस्कुट ने जॉर्ज कोवूर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक सितंबर, 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। पारले ने बयान में कहा कि कोवूर को पेप्सिको के साथ काम करने का तीन दशक से अधिक का अनुभव है। साथ ही उन्होंने उपभोक्ता कारोबार तथा विभिन्न बाजारों में काम किया है। पारले बिस्कुट के प्रबंध निदेशक अजय चौहान ने कहा, ''हम कोवूर का स्वागत करते हैं और पारले की मजबूत नींव को आगे बढ़ाने, अपनी क्षमताओं को मजबूत करने तथा सतत वृद्धि के नए अवसर खोलने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।''

वीगालैंड के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड ने अपने 210 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 130 - 140 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि उसका आईपीओ बोली के लिए 10 सितंबर को खुलेगा और 15 सितंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक नौ सितंबर को बोली लगा पाएंगे। वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड ने बयान में कहा कि आईपीओ में 1.50 करोड़ तक नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिनसे कुल 210 करोड़ रुपये जुटाए जाने की योजना है।

यात्री वाहनों की बिक्री ने अगस्त में पकड़ी रफ्तार, 35 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री अगस्त में करीब 35 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4.5 लाख इकाई रहने का अनुमान है। मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों की मजबूत बिक्री से वाहन उद्योग को गति मिली है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, आयकर में छूट और रेपो दर में कटौती से पैदा हुई मांग की गति का वाहन उद्योग को लगातार लाभ मिल रहा है तथा वह त्योहारों के दौरान अच्छे कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं।

घरेलू बिक्री अगस्त में 4.5 लाख इकाई रहने का अनुमान

जीएसटी, ईएमआई और आयकर छूट से आई बिक्री में तेजी

बनर्जी ने कहा, ''अनुमान है कि इस साल अगस्त में उद्योग का आंकड़ा करीब 4.5 लाख इकाई से अधिक रहा होगा, जिसमें 2,000 से 3,000 इकाई कम या ज्यादा हो सकती है। पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा करीब 3.3 लाख इकाई रहा था।'' बनर्जी के अनुसार, उद्योग की वृद्धि के तीन प्रमुख कारण हैं। इसमें जीएसटी 2.0, रेपो दर में कटौती से ईएमआई यानी मासिक किस्त में कमी और 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर छूट शामिल हैं।



मारुति की सेल में आया 34.8 फीसदी का उछाल

बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री अगस्त में 34.8 प्रतिशत बढ़कर 1,76,971 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,31,278 इकाई थी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) की घरेलू यात्री वाहन बिक्री अगस्त में 59 प्रतिशत बढ़कर 65,253 इकाई रही, जबकि अगस्त, 2025 में यह 41,001 इकाई थी।

हुंडई की बिक्री में 23 फीसदी से अधिक का इजाफा

महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू यात्री वाहन बिक्री भी अगस्त में करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 59,257 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल समीक्षाधीन महीने में यह 39,399 इकाई थी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की घरेलू बिक्री अगस्त में 23.6 प्रतिशत बढ़कर 54,396 इकाई हो गई। हुंडई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा कि अगस्त, 2026 में कंपनी की घरेलू बिक्री किसी भी साल के इसी महीने में अब तक की सर्वाधिक बिक्री रही।

सरकार का उद्देश्य जमाखोरी और सट्टेबाजी पर रोक लगाना

केंद्र सरकार ने चीनी कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा घटाकर 2,000 क्विंटल की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने चीनी कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा को मंगलवार को और कड़ा करते हुए इसे 4,000 क्विंटल से घटाकर 2,000 क्विंटल कर दिया। यह सीमा 15 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने यह कदम चीनी की ऊंची खुदरा कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया है।

- भंडारण सीमा 15 सितंबर से 30 नवंबर तक रहेगी प्रभावी

खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि एक अगस्त से लागू 4,000 क्विंटल की भंडारण सीमा कोलकाता और उसके आसपास शहरी व उपनगरीय इलाकों की '' क्षेत्र विशिष्ट बाजार जरूरतों को देखते हुए'' अपरिवर्तित रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जमाखोरी एवं सट्टेबाजी पर रोक लगाना है।

खास बातें

- पहले कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा 4,000 क्विंटल तय थी
- कारोबारी 30 दिन से अधिक समय तक भंडार नहीं रख सकता



2,000 क्विंटल से अधिक चीनी का भंडारण नहीं रखा जा सकेगा

संशोधित नियमों के तहत कोई कारोबारी चीनी प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन से अधिक समय तक उसका भंडार नहीं रख सकता। साथ ही देश में किसी भी स्थान पर किसी भी समय 2,000 क्विंटल से अधिक चीनी का भंडार नहीं रखा जा सकता।

खुदरा चीनी की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब खुदरा चीनी की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त को चीनी का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 63.28 रुपये प्रति किलोग्राम था जो एक साल पहले के 46.02 रुपये प्रति किलोग्राम से 37 प्रतिशत अधिक है। थोक कीमतें भी सालाना आधार पर 36.28 प्रतिशत बढ़कर 58.40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

पूर्वी क्षेत्र उप्र व महाराष्ट्र से चीनी मंगाता है

कोलकाता को दी गई छूट के बारे में मंत्रालय ने कहा कि यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से चीनी मंगाता है और फिर इसकी आपूर्ति देश के पूर्वी तथा पूर्वोत्तर हिस्सों में करता है। इसी वजह से वहां पहले की 4,000 क्विंटल की सीमा बरकरार रखी गई है।

महाराष्ट्र में चीनी की कीमत 30 फीसदी घटी

उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि मिल स्तर पर कीमतों में कुछ नरमी आई है। महाराष्ट्र में चीनी की कीमत मिल स्तर पर एक सितंबर को 30 प्रतिशत घटकर 45-46 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि 18 अगस्त को यह 67 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चतम स्तर पर थी।

केंद्र ने मिलों पर कीमतें बढ़ाने का लगाया आरोप

केंद्र ने मिलों पर कीमतें ''बढ़ाने'' का आरोप लगाया और कहा कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है। यह बात 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए उत्पादन अनुमान पहले के 343 लाख टन से घटाकर 306 लाख टन किए जाने के बावजूद कही गई है। देश में वार्षिक चीनी की मांग करीब 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मांग पांच साल के निचले स्तर पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मांग में नरमी के बीच उत्पादन और नए ऑर्डर की वृद्धि धीमी पड़ने से अगस्त में पांच साल के निचले स्तर 52.8 पर आ गई। मंगलवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई के 53.5 से घटकर अगस्त में 52.8 रह गया। यह पांच साल में क्षेत्र की स्थिति में सबसे कमजोर सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से अधिक का अंक विस्तार को जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की 'डिलीवरी' अवधि और खरीद के भंडार जैसे मापदंडों से समग्र कारोबारी परिस्थितियों का आकलन करता है।

- अगस्त में नए ऑर्डर की वृद्धि धीमी रही

कंपनियों ने मांग की परिस्थितियों में नरमी की जानकारी दी। इससे खरीद के स्तर और भंडार में वृद्धि धीमी हुई तथा रोजगार में मामूली गिरावट आई। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, '' भारत की विनिर्माण वृद्धि अगस्त में घटकर 52.8 रह गई और इसमें लगातार तीसरे महीने गिरावट आई।

क्रेडाई प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्रेडाई छत्तीसगढ़ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान रियल एस्टेट सेक्टर की भूमिका, 'क्रेडाई सेलेब्रेट्स रायपुर' अभियान और आगामी 'क्रेडाई एक्सपो' को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अभियान का विशेष स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने क्रेडाई की सामाजिक और संरचनात्मक पहलों की सराहना करते हुए प्रतिनिधिमंडल को मार्गदर्शन दिया। बैठक में बताया गया कि रायपुर में 18 से 20 सितंबर तक 'क्रेडाई एक्सपो' का आयोजन होगा। एक्सपो में शहर के प्रमुख बिल्डर्स, रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स और वित्तीय संस्थान एक ही मंच पर उपलब्ध रहेंगे। इसका उद्देश्य घर खरीदारों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना और रियल एस्टेट क्षेत्र के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। क्रेडाई अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल भवन और इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि शहर और समाज को बेहतर बनाने में योगदान देना भी है। अभियान का संचालन चेयरमैन मृणाल गोलछा और सचिव अभिषेक बच्छावत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस पूरे अभियान को धरातल पर उतारने का बीड़ा क्रेडाई की ऊर्जावान 'युवा विंग' ने उठाया है। युवा विंग के प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा और प्रतीक केवलानी के नेतृत्व में टीम के सक्रिय सदस्यों संजय रहेजा, नवनीत अग्रवाल, संजना बघेल, आयुष मोदी, माधवी नथानी, ऋत्विक नथानी, ऋषभ कटारिया, श्रद्धा तापड़िया, अभिषेक फतनानी, मुकेश बजाज, दिव्यम तापड़िया, शशांक अग्रवाल और जीतू लोहाना ने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़कर उत्कृष्ट कार्य किए हैं।

- 'क्रेडाई सेलेब्रेट्स रायपुर' अभियान और बहुप्रतीक्षित 'क्रेडाई एक्सपो' पर हुई व्यापक चर्चा

सोना 2,700 रुपए और चांदी 5,000 रुपए टूटी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट आई। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 2,700 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये घटकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि सोमवार को यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत में भी 5,000 रुपये की गिरावट आई और यह 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को यह 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। सर्राफा पर दबाव इसलिए बना क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच नए तनाव से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गईं और ब्याज दरों के परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित हो गया।

हाई-टेक इंजीनियर्स 41 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। हाइड्रोलिक फिटिंग बनाने वाली कंपनी हाई-टेक इंजीनियर्स लिमिटेड का शेयर मंगलवार को 53 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 41.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 72 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 35.84 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर ने 41.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 716.99 करोड़ रुपये रहा। हाई-टेक इंजीनियर्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बृहस्पतिवार को 244.41 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 135.73 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 50-53 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।





बिजनेस साइट

अमन माहेश्वरी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में शामिल

कोटा। नेक्स्ट-जेनरेशन लीडरशिप की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने अमन माहेश्वरी को अपने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ संस्थान के चारों संस्थापकों द्वारा बोर्ड की जिम्मेदारियां अगली पीढ़ी को सौंपने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अमन माहेश्वरी अब अविरल माहेश्वरी, आनंद माहेश्वरी और केशव माहेश्वरी के साथ निदेशक मंडल में शामिल होंगे। संस्थान के अनुसार, यह बदलाव एलन के अगले 100 वर्षों के लिए तैयार किए गए दीर्घकालिक विजन को मजबूत करेगा। अमन वर्तमान में एलन के ग्लोबल स्टडीज डिवीजन का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत, यूएई, ब्रिटेन और यूरोप में शिक्षा एवं पेशेवर अनुभव के कारण वे अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ बोर्ड में नई भूमिका संभालेंगे। संस्थापक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि अमन के बोर्ड में शामिल होने से एलन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय पूरा हुआ है। वहीं, डॉ. ब्रजेश माहेश्वरी ने इसे संस्था की मजबूत विरासत और भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पुनर्गठित निदेशक मंडल में उदय शंकर चेयरमैन होंगे। उनके साथ अविरल, अमन, आनंद और केशव माहेश्वरी सहित प्रतीक गर्ग निदेशक मंडल का हिस्सा हैं।



नेक्स्ट जेनरेशन को सौंपी कमान

सबालेंका आगे बढ़ने में सफल अल्कराज की जीत के साथ वापसी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में



पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका भी आगे बढ़ने में सफल रही। अल्काराज दाहिनी कलाई में चोट के कारण अप्रैल से ही बाहर थे तथा इस कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में ही नहीं खेल पाए थे। स्पेन के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने रोमन सफिउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

सबालेंका ने बढ़ाया खिताब की ओर कदम

यूएस ओपन

महिला एकल में सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-4, 6-4 से हराकर 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार तीन यूएस ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की तरफ कदम बढ़ाए। वह वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले तीन अवसरों पर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। सबालेंका ने 2023 में कोको गॉफ से मिली हार से उबरते हुए 2024 में जीत हासिल की और फिर पिछले साल अमांडा अनिसिमोवा को हराकर खिताब का बचाव किया।



वावरिंका का ग्रैंड स्लैम कॅरियर का अंत

यूएस ओपन में 2016 के चैंपियन स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम कॅरियर पहले दौर में ही मैटियो बेरेटिनी से 7-6 (4), 7-6 (3), 6-0 से हार के साथ समाप्त हो गया। वावरिंका ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब फ्लशिंग मीडोज (जहां यूएस ओपन खेला जाता है) में जीता था। उन्होंने 10 साल पहले फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। इस 41 साल के खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आप उनका आखिरी सत्र होगा।



अगले दौर में ओसाका

नाओमी ओसाका ने अनास्तासिया जखारोवा पर सीधे सेटों में जीत के साथ तीसरे यूएस ओपन क्राउन के लिए अपने सफर का आगाज किया। दुनिया की पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी को दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की करने से पहले दो निर्णायक टाईब्रेक में जाना पड़ा। ओसाका ने धैर्य बनाए रखा, मोमेंटम स्विंग्स को बचाने के बाद पहला ब्रेकर 8-6 से जीता और फिर दूसरा 7-3 से जीतकर मैच दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में खत्म कर दिया। इस नतीजे ने ओसाका के शानदार ग्रैंड स्लैम सीजन को भी आगे बढ़ाया।

दलीप ट्रॉफी: फाइनल में 'ईस्ट जोन' 'सेंट्रल' को चार विकेट से दी शिकस्त

मुकेश कुमार ने लिए 7 विकेट, चुने गए 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के 'सेमीफाइनल-1' में सेंट्रल जोन के खिलाफ मुकाबले के तीसरे दिन 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। कुल 7 विकेट हासिल करने वाले मुकेश कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अब फाइनल मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 6 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें ईस्ट जोन की भिड़ंत सेमीफाइनल-2 की विजेता टीम से होगी।

पहली पारी में दोनों जोनों का स्कोर बराबर

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 266 रन बनाए। इस पारी में रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 60 रन जड़े, जबकि आर्यन जुयाल ने 46 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा, यश ठाकुर ने नाबाद 30 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार (56/3) और अभिजीत सरकार ने 3-3 विकेट निकाले, जबकि मोहम्मद शमी और कौनेन कुरैशी ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में ईस्ट जोन भी अपनी पहली पारी में 266 रन ही बना सकी। सलामी जोड़ी के रूप में वैभव सूर्यवंशी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 153 गेंदों में 162 रन की साझेदारी की। वैभव 81 गेंदों में 7 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 92 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अभिमन्यु ने 8 चौकों के साथ 69 रन की पारी खेली। इनके अलावा सुदीप कुमार ने 25 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हर्ष दुबे ने 4 विकेट झटके। आर्यन पांडे और यश ठाकुर को 3-3 विकेट हाथ लगे।



39.3 ओवरों में जीता ईस्ट जोन

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईस्ट जोन ने 39.3 ओवरों में जीत हासिल की। सूर्यवंशी ने ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 85 गेंदों में 61 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वैभव 43 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 40 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद ईश्वरन (24) भी चलते बने। टीम ने 65 रन तक 2 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कुमार कुशाग्र ने मोर्चा संभाला। उन्होंने विराट सिंह (12) के साथ 28 रन और कप्तान ईशान किशन के साथ 31 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 124 के स्कोर तक पहुंचाया। 32वें ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर क्रमशः कुशाग्र (22) और अनुकूल रॉय (0) के विकेट गिरे। हालांकि, कप्तान ईशान मैदान पर जमे रहे, जिन्होंने 41 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ नाबाद 39 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। हर्ष दुबे ने 53 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि सारांश जैन और यश ठाकुर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमटी

सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 97 के स्कोर तक 8 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद अरशद खान ने हर्ष दुबे के साथ 9वें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शर्मनाक स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश की। हर्ष 3 चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अरशद (25) ने यश ठाकुर (नाबाद 4) के साथ 18 रन जोड़े। इस पारी में मुकेश कुमार ने 44 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, मोहम्मद शमी ने 3 शिकार किए। अभिजीत सरकार, अनुकूल रॉय और कौनेन कुरैशी ने 1-1 विकेट झटका।

मार्श और हेड की वनडे टीम में वापसी

सिडनी। मिशेल मार्श और उनके साथी सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को इस महीने के आखिर में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया है। मार्श और हेड इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान और बांग्लादेश में वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 15 सितंबर से शुरू होने वाला यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे विश्व कप खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने किसी को कप्तान नियुक्त किए बिना ही टीम की घोषणा की है। जिम्बाब्वे में तीन मैचों की वनडे सीरीज में मार्श का टीम की कप्तानी करना तय है, जिसके बाद नियमित वनडे और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका में कमान संभालेंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे संजू और वैभव

- अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम घोषित
- 13 सितंबर से दिल्ली में तीन मैचों की सीरीज
- बुमराह समेत 4 अनफिट खिलाड़ियों का चयन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को 15-सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। श्रेयस अय्यर टीम की कमान संभालेंगे, जबकि तिलक वर्मा को उप-कप्तानी सौंपी गई है। 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर से भारतीय टी20 टीम का हिस्सा हैं। वहीं संजू सैमसन की वापसी हुई है। हार्दिक पांड्या को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा को फिटनेस के आधार पर शामिल किया गया है, लेकिन मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं मिला।



अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे तीनों मैच

अफगानिस्तान और भारत के बीच पहला मैच 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर व सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 17 सितंबर को खेला जाना है। तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे।

खबर संक्षेप



क्वीन्स पार्क ओवल में लगे ब्रावो, पोलार्ड और नारायण के स्टैंड

पोर्ट ऑफ स्पेन। त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेटरों में शामिल ड्वेन ब्रावो, कीरोन पोलार्ड और सुनील नारायण ने ऐतिहासिक क्वींस पार्क ओवल में अपने नाम पर बने स्टैंड का अनावरण किया। स्टैंड के अनावरण का समारोह त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 64वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में क्वीन्स पार्क क्रिकेट क्लब में आयोजित किया गया। इन तीनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में भी वर्षों तक शानदार प्रदर्शन किया है। इस सम्मान के साथ ब्रावो, पोलार्ड और नारायण त्रिनिदाद एवं टोबैगो के उन प्रतिष्ठित क्रिकेटरों में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम क्वींस पार्क ओवल से जुड़े हुए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित

सिडनी। तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस, सैम कॉन्स्टास और नाथन मैकस्वीनी जैसे सीनियर टीम की तरफ से खेल चुके खिलाड़ियों को भारत ए के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ए की दो प्रारुपों के लिए चुनी गई 14 सदस्यीय टीमों में शामिल किया गया। ऑस्ट्रेलिया ए टीम पुडुचेरी में 2 चार दिवसीय मैच और 3 वनडे मैच खेलेगी। पहला चार दिवसीय मैच 22 सितंबर से जबकि दूसरा मैच 29 सितंबर से शुरू होगा है। अनौपचारिक वनडे मैच 6, 9 और 11 अक्टूबर को खेले जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह दौरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम भारत का दौरा करने वाली है।

प्रीमियर लीग : आर्सेनल की जीत का सिलसिला बरकरार



एजेंसी ▶▶ लंदन

आर्सेनल ने एस्टन विला को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा, जबकि बार्सिलोना और रोमा ने क्रमशः स्पेन और इटली में शानदार जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल ने बुकायो साका के 59वें मिनट में किए गए गोल के दम पर तीन अंक हासिल किए।

ला लिगा में यामल ने दागे गोल

उधर ला लिगा में लामिन यामल और राफिन्हा दोनों ने दो-दो गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने रायो वैलेकानो को 5-2 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत से बार्सिलोना गोल अंतर के आधार पर रियाल मैड्रिड से आगे निकलकर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इटली की लीग सीरी ए में डोनेल मालेन ने दो मैचों में अपने गोल की संख्या पांच तक पहुंचा दी। उनके शानदार प्रदर्शन से रोमा ने लेचे के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की। मालेन ने रोमा की फियोरेंटीना के खिलाफ शुरुआती मैच में जीत में हैट्रिक लगाई थी।

रणजी ट्रॉफी : शार्दुल की जगह मुंबई की कप्तानी संभालेंगे लाड



मुंबई। मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज सिद्धेश लाड को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि सीमित ओवरों के घरेलू टूर्नामेंटों में श्रेयस अय्यर या सूर्यकुमार यादव में से किसी एक को टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। ठाकुर को कार्यभार प्रबंधन के तहत कप्तानी से हटाया गया है। उनकी कप्तानी में 42 बार की रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई की टीम क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक से हार कर बाहर हो गई थी।

लगातार दूसरे सत्र में मुंबई को मिला नया कप्तान

मुंबई लगातार दूसरे सत्र में नए कप्तान की अगुवाई में रणजी ट्रॉफी में उतरेगी। 2025-26 सत्र से पहले ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे की जगह टीम की कमान संभाली थी। सभी प्रारुपों से इस साल जुलाई में संन्यास लेने वाले रहाणे ने 2023-24 सत्र में मुंबई को रिकॉर्ड 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाया था। फाइनल में मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब अपने नाम किया था। सफेद गेंद के घरेलू क्रिकेट में भी मुंबई अपने नेतृत्व विकल्पों का अधिकतम इस्तेमाल करना चाहेगी। भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के मौजूदा कप्तान श्रेयस अय्यर और उनके पूर्ववर्ती सूर्यकुमार यादव, दोनों कप्तानी की दौड़ में हैं।

आईसीसी रैंकिंग

टी20 कॅरियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचीं अट्टापट्टू



एजेंसी ▶▶ दुबई

विमेंस एशिया कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर रैंकिंग में तीनों कैटेगरी में अपने करियर की बेस्ट रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। अट्टापट्टू ने 29 अगस्त को यूएई के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए। बतौर गेंदबाज 3 ओवरों में 10 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। कप्तान के इस प्रदर्शन की बदौलत टीम ने 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की।

इस नतीजे से अट्टापट्टू बल्लेबाजों की रैंकिंग में 734 रेटिंग प्वाइंट्स, गेंदबाजों में 552 और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 405 प्वाइंट्स के साथ अपने करियर की सबसे बेहतरीन स्थिति में पहुंच गईं। वह टी20 बल्लेबाजों में छठे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि गेंदबाजी सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑल-राउंडर्स में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

नंदिनी ने की बड़ी बढ़त हासिल

भारतीय तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने बड़ी बढ़त हासिल की। थाईलैंड के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद वह 38 स्थान ऊपर चढ़कर 112वें नंबर पर पहुंच गईं। विमेंस एशिया कप में खेल रहीं दूसरी टीमों के खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। भारत के खिलाफ 48 गेंदों में 41 रन बनाने के बाद थाईलैंड की नन्नापत कोंचारोएन्काई महिला बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 29वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि सुलीपोर्न लाओमी ने 26 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 63वें नंबर पर आ गईं।

18वीं रैंकिंग पर दुलानी

यूएई के खिलाफ 18 गेंदों पर 25 रन की पारी खेलने वाली दुलानी चार स्थान ऊपर चढ़कर 625 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ 18वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। वहीं, हर्षिता समरविक्रमा बल्लेबाजों में एक स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंकाई गेंदबाजों को भी टूर्नामेंट के अपने शानदार ओपनिंग मैच का फायदा मिला है। मिताली अयोध्या ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे यूएई का स्कोर 79 रन तक सीमित रहा और वह 18 स्थान ऊपर चढ़कर 70वें स्थान पर पहुंच गईं। साथ ही उनके 444 प्वाइंट्स भी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है। बाएं हाथ की स्पिनर सुगंधिका कुमारी ने 18 रन देकर दो विकेट लिए और पांच स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

चीन मास्टर्स : हरिहरन-अर्जुन की जोड़ी बीच मुकाबले से हटी

पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल उन्नति

एजेंसी ▶▶ शेनजेन

उन्नति हुड्डा चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को महिला एकल के पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल रहीं, जबकि पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में पहले गेम के दौरान ही मैच से हटने का फैसला किया।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज उन्नति को पहले दौर में दक्षिण कोरिया की 12वीं रैंकिंग वाली किम गा-यून के हाथों 10-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

द.कोरिया की किम गा-यून से हारी उन्नति



आज सेन करेंगे अभियान की शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों से जुड़े सात मुकाबले बुधवार को खेले जाने हैं, जिनमें देश के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत भी अपने अभियान का आगाज करेंगे।

पहले गेम में हटी भारतीय जोड़ी

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी पहले गेम में चीन के चेन बो यांग और लियू यी के खिलाफ 8-11 से पीछे चल रही थी तभी उन्होंने मुकाबले से हटने का फैसला किया। उनके मैच से हटने की वजह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी, लेकिन माना जा रहा है कि यह फिटनेस से जुड़ी हो सकती है।

लय में नजर नहीं आईं उन्नति

उन्नति पहले गेम में लय में नजर नहीं आईं। किम ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की और देखते ही देखते स्कोर 11-3 कर दिया। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर संघर्ष दिखाया। शुरुआत से ही वह मुकाबले में बनी रहीं और 8-7 तथा 14-13 की मामूली बढ़त भी हासिल की। इसके बाद स्कोर 18-18 से बराबर हो गया। किम ने हालांकि फिर से नियंत्रण हासिल किया और लगातार तीन अंक जुटाकर मुकाबला समाप्त कर दिया।



यहां रेनडियर का दूध पीते हैं लोग, दुनिया में है सबसे अनोखा !



उलानबातर। मंगोलिया की ठंडी और कठिन जलवायु में जीवन आसान नहीं है। उत्तर के टैगा क्षेत्रों में तापमान बहुत कम हो जाता है और संसाधन सीमित रहते हैं। ऐसी परिस्थितियों में एक खास समुदाय रहता है जो गाय-भैंस या बकरी के बजाय रेनडियर पालता है। हिंदी में इसे कभी-कभी बारहसिंघा कह दिया जाता है, हालांकि वैज्ञानिक रूप से यह रेनडियर (रंगिफर टारंडस) है। इन लोगों को दुखा या त्सातान कहा जाता है। वे रेनडियर का दूध निकालकर पीते हैं और इसे दुनिया के अनोखे मिल्क्स में गिना जाता है। दुखा समुदाय मंगोलिया के खोव्सगोल प्रांत के जंगली और पहाड़ी इलाकों में घुमंतू जीवन जीता है। वे रेनडियर को मुख्य रूप से दूध, परिवहन और ऊन के लिए पालते हैं। दूध निकालना महिलाओं का काम होता है। सुबह बछड़ों को बांध दिया जाता है ताकि मां का दूध जमा हो। दोपहर बाद दूध दुहा जाता है। बचे हुए दूध को बछड़ों के लिए छोड़ दिया जाता है।

रेनडियर का मांस भी खाते हैं लोग

बेहद गुणकारी है ये दूध

रेनडियर का दूध गाढ़ा, पौष्टिक और खास स्वाद वाला होता है। इसमें फैट और प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है जो ठंडे मौसम में ऊर्जा प्रदान करती है। लोग इसे चाय में मिलाकर पीते हैं, दही, पनीर और यहां तक कि ब्रेड भी बनाते हैं। रेनडियर मिल्क ब्रेड इस समुदाय की खास पहचान है। दूध को नदी के ठंडे पानी में रखकर सुरक्षित रखा जाता है। मांस की बात करें तो दुखा लोग रेनडियर को आसानी से नहीं मारते। वे इसे परिवार का हिस्सा मानते हैं। मांस तभी खाया जाता है जब जानवर स्वाभाविक रूप से मर जाए। आहार मुख्य रूप से दूध उत्पादों, जंगली शिकार और अन्य उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करता है। रेनडियर पर सवारी भी की जाती है और सामान ढोने के काम आता है।



मुश्किल है सर्वाइवल

यह जीवनशैली बेहद कठिन है। सर्दी में तापमान माइनस में चला जाता है। भेड़ियों से सुरक्षा, चारे की व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं से दूरी चुनौतियां पैदा करती है। फिर भी समुदाय अपनी परंपराओं को बचाए रखने की कोशिश कर रहा है। युवा पीढ़ी को दूध दुहने और डेयरी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि ज्ञान आगे बढ़े। रेनडियर मिल्क को अनोखा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह आम डेयरी जानवरों से अलग प्रजाति का है और बहुत कम जगहों पर ही उपलब्ध होता है। पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण यह ठंडे इलाकों में जीवनयापन के लिए आदर्श है। स्वाद और बनावट भी गाय के दूध से भिन्न होती है। मंगोलिया में अन्य जानवरों जैसे घोड़ा, ऊंट, याक, भेड़-बकरी का दूध भी पिया जाता है, लेकिन रेनडियर मिल्क दुखा समुदाय तक सीमित है।

रोचक खबरें

यहां होता है मशीनों का अंतिम संस्कार! फैक्ट्री से हटने के बाद दिया जाता है सम्मान

टोक्यो। दुनिया भर में अंतिम संस्कार या विदाई समारोह आमतौर पर इंसानों के लिए होते हैं। परिवार और दोस्त इकट्ठा होते हैं, श्रद्धांजलि देते हैं और अंतिम विदाई देते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी मशीनों का अंतिम संस्कार देखा या सुना है? जापान में यह अनोखी और भावुक परंपरा सदियों से चली आ रही है। यहां फैक्ट्री या कारखाने में 20 से 30 साल या उससे ज्यादा समय तक ईमानदारी से काम करने वाली मशीनों को हटाने से पहले पूरा सम्मान दिया जाता है। कर्मचारी मशीन के सामने सिर झुकाते हैं, मौन रखते हैं और उसके वर्षों के योगदान के लिए धन्यवाद कहते हैं। आज के समय में ज्यादातर जगहों पर जब कोई मशीन पुरानी हो जाती है, खराब हो जाती है या नई तकनीक आ जाती है तो उसे सीधे हटाकर कबाड़ या रीसाइक्लिंग में भेज दिया जाता है। मशीनों से कोई विशेष भावना नहीं जुड़ी होती। लेकिन, जापान की कुछ कंपनियों और कारखानों में यह रवैया बिल्कुल अलग है। वहां मशीन को सिर्फ लोहा-लकड़ी या धातु का ढांचा नहीं माना जाता। उसे एक साथी, एक सहयोगी की तरह देखा जाता है, जिसने सालों तक उत्पादन में अहम भूमिका निभाई है। इस वजह से उन्हें सम्मानजनक विदाई दी जाती है।



दुनिया का अनोखा आइलैंड, जहां इंसानों से ज्यादा नजर आते हैं केकड़े

सिडनी। आमतौर पर अगर सड़क पर एक-दो केकड़े भी चलते हुए दिख जाएं तो लोग हैरान हो जाते हैं। लेकिन जरा सोचिए, अगर किसी सड़क पर एक साथ हजारों-लाखों केकड़े नजर आने लगें और दूर तक सिर्फ लाल रंग ही दिखाई दे, तो नजारा कैसा होगा? ऑस्ट्रेलिया में मौजूद एक ऐसा द्वीप है, जहां साल के एक खास समय में कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिलता है। यहां सड़कें, जंगल और घरों के आसपास की जगहें लाल केकड़ों से भर जाती हैं। यह अनोखा नजारा क्रिसमस आइलैंड पर देखने को मिलता है। हर साल प्रजनन के मौसम में करोड़ों लाल केकड़े अपने प्राकृतिक आवास से समुद्र की ओर निकल पड़ते हैं। उस समय पूरा द्वीप जैसे केकड़ों की एक लंबी यात्रा का गवाह बन जाता है। क्रिसमस आइलैंड पर लाल केकड़ों की मौजूदगी कोई नई बात नहीं है, लेकिन साल के एक खास समय में इनकी संख्या देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। जंगल से निकलकर ये केकड़े सड़कों और इंसानी बस्तियों के बीच से गुजरते हुए समुद्र की ओर बढ़ते हैं।



न सड़क, न गाड़ी... अब ड्रोन पहुंचाएंगे चिट्ठियां और पार्सल

नई दिल्ली। भारतीय डाक सेवा अब तकनीक के नए दौर में कदम रख रही है। देश के उन इलाकों तक, जहां सड़क के रास्ते पहुंचना मुश्किल और समय लेने वाला काम होता है, वहां अब ड्रोन के जरिए चिट्ठियां और पार्सल पहुंचाने की तैयारी हो रही है। असम और हिमाचल प्रदेश जैसे भौगोलिक रूप से चैलेंजिंग राज्यों में इस नई व्यवस्था पर काम शुरू किया गया है। पहाड़ों, नदियों और जंगलों के कारण कई गांवों तक जरूरी सामान पहुंचाने में घंटों लग जाते हैं। ऐसे में ड्रोन तकनीक डाक सेवाओं की तस्वीर बदल सकती है। खासतौर पर दवाओं, जरूरी डॉक्यूमेंट्स और पार्सल को कम समय में दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाने में यह व्यवस्था अहम साबित हो सकती है। हिमाचल प्रदेश में डाक विभाग ने स्काई एयर मोबिलिटी के साथ मिलकर ड्रोन नेटवर्क पर काम शुरू किया है। यहां कुल 110 ड्रोन रूट्स पर काम चल रहा है, जिनके जरिए दूरस्थ गांवों को बेहतर तरीके से जोड़ने की योजना है। इस तकनीक की टेस्टिंग के दौरान बेहद दिलचस्प नतीजे सामने आए। जिस दूरी को सड़क या पैदल रास्ते से तय करने में करीब 2 घंटे लगते थे, उसी रास्ते को ड्रोन ने सिर्फ 7 मिनट में पूरा कर लिया।



दुनिया का सबसे बड़ा पेड़, 8,500 वर्ग मीटर में फैला है इसका साम्राज्य

दूर से देखने पर लगता है पूरा जंगल!

ब्रासीलिया। जंगल में घूमते समय अगर आपको एक जगह सैकड़ों तने और चारों तरफ फैली हरियाली दिखाई दे, तो आप यही समझेंगे कि यहां बहुत सारे पेड़ होंगे। लेकिन जरा सोचिए, अगर कोई आपसे कहे कि यह पूरा फैलाव सिर्फ एक ही पेड़ का है, तो शायद आपको यकीन न हो। ब्राजील में मौजूद एक विशाल काजू का पेड़ कुछ ऐसा ही है। इसकी शाखाएं जमीन तक पहुंचकर दोबारा जड़ें बना लेती हैं और फिर नए तनों का रूप ले लेती हैं। यही सिलसिला सालों से चलता आ रहा है और आज यह पेड़ दूर से किसी घने जंगल जैसा नजर आता है। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो नॉर्ते राज्य में पिरांगी बीच के पास मौजूद इस विशाल काजू के पेड़ को 'काजू डो काजू' यानी काजू का सबसे बड़ा पेड़ के नाम से जाना जाता है।

1888 में लगाए गए थे काजू के पौधे

इस पेड़ से जुड़ी स्थानीय कहानी भी काफी दिलचस्प है। बताया जाता है कि साल 1888 में एक मछुआरे ने यहां दो काजू के पौधे लगाए थे। इनमें से एक पौधा समय के साथ सामान्य तरीके से बढ़ने के बजाय आसपास की जमीन पर फैलने लगा। शाखाएं जैसे-जैसे बड़ी हुईं, उनका वजन उन्हें नीचे की ओर ले आया। कई शाखाएं जमीन तक पहुंच गईं और वहां उन्होंने जड़ें बना लीं। धीरे-धीरे इनसे नए तने बनने लगे और पेड़ का फैलाव बढ़ता चला गया। आज यही प्रक्रिया इस काजू के पेड़ को इतना विशाल बना चुकी है कि पहली नजर में इसे एक पेड़ के जगह लोग इसे पूरा जंगल ही मानते हैं।



आखिर एक पेड़ इतना फैल कैसे गया?

इस पेड़ की सबसे बड़ी खासियत इसकी शाखाओं का जमीन से दोबारा जुड़ना है। सामान्य पेड़ों में नीचे झुकने वाली शाखाएं अक्सर टूट जाती हैं, लेकिन इस काजू के पेड़ की कुछ शाखाएं जमीन को छूने के बाद जड़ें विकसित कर लेती हैं। इन जड़ों से नए तने तैयार होते हैं और वे मूल पेड़ से जुड़े रहते हैं। इस तरह एक ही पेड़ धीरे-धीरे कई तनों और शाखाओं का विशाल नेटवर्क बना लेता है। यही वजह है कि यहां एक पेड़ का फैलाव इतना बड़ा दिखाई देता है कि लोग इसे देखकर अक्सर इसे पूरा जंगल समझ लेते हैं।

इसलिए कहा जाता है आलस का पेड़

इस विशाल काजू के पेड़ को स्थानीय तौर पर आलस का पेड़ भी कहा जाता है। इसके पीछे कोई वैज्ञानिक वजह नहीं, बल्कि इसकी घनी छांव से जुड़ी एक मजेदार धारणा है। कहा जाता है कि पेड़ के नीचे इतनी ठंडी और आरामदायक छांव मिलती है कि वहां बैठने या लेटने के बाद लोगों का उठने का मन ही नहीं करता।

पर्यटकों के लिए बन चुका है बड़ा आकर्षण

आज यह विशाल काजू का पेड़ ब्राजील के प्रमुख प्राकृतिक आकर्षणों में शामिल है। इसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। पेड़ के आसपास पर्यटकों के लिए रास्ते और देखने की सुविधाएं भी बनाई गई हैं, ताकि लोग इसके विशाल फैलाव को करीब से समझ सकें। सबसे दिलचस्प अनुभव तब होता है, जब कोई इसकी शाखाओं के बीच से गुजरता है। एक तरफ आपको पेड़ का तना दिखाई देता है, तो दूसरी तरफ उसी पेड़ की शाखाएं जमीन में जड़ें जमाकर अलग-अलग तनों जैसी नजर आती हैं।

कितने एरिया में फैला हुआ पेड़?

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, काजू का ये अनोखा पेड़ दो एकड़ (8,500 वर्ग मीटर/91,500 वर्ग फुट) एरिया में फैला हुआ है। आकार में यह 70 आम पेड़ों के बराबर है। इसे 100 साल से अधिक पुराना माना जाता है। इसकी ऊंचाई लगभग 10-12 मीटर है और इसमें कुल 5000 से ज्यादा तने हैं। हर नई जड़ नया तना बनाती है। इसमें लगभग 80 लाख पत्तियां हैं। और एक पेड़ से हर साल 80,000 काजू (करीब 2.5 टन) पैदा होते हैं। पेड़ इतना घना है कि इसकी छांव में 7000 लोग एक साथ बैठ सकते हैं।

क्या 1982, 1997 और 2015 से भी ज्यादा खतरनाक होगा आने वाला तूफान?

सामने आई चौंकाने वाली रिपोर्ट

वॉशिंगटन। क्या आपने कभी सोचा है कि समुद्र की गहराइयों में छिपे 1,000 साल पुराने मूंगे हमारी आने वाली तबाही की भविष्यवाणी कर सकते हैं? जी हां, वैज्ञानिकों को समुद्र के नीचे एक ऐसी टाइम मशीन मिली है जिसने अल नीनो और क्लाइमेट चेंज के सबसे खौफनाक सच से पर्दा उठा दिया है। पॉपुलर मैगजीन 'साइंस' में छपी एक रिसर्च के मुताबिक, इंसानी गतिविधियों और फॉसिल फ्यूल्स के इस्तेमाल से हमारी धरती इतनी गर्म हो चुकी है कि अब अल नीनो का रूप पिछले 1,000 सालों में सबसे ज्यादा खतरनाक हो चुका है। इसका सीधा असर हमारी फसलों, मौसम और आने वाले कल पर पड़ने वाला है। आइए समझते हैं कि 1,000 साल पुराने कोरल का यह स्टडी हमें क्या चेतावनी दे रहा है।



अल नीनो आखिर क्या है और इसका हम पर क्या असर पड़ता है?

अल नीनो प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में पानी के असामान्य रूप से गर्म होने की एक प्रक्रिया है। जब यह समुद्री पानी गर्म होता है, तो पूरी दुनिया का मौसम चक्र बिगड़ जाता है। इसके कारण कई देशों में भीषण सूखा पड़ता है तो कई जगहों पर अचानक बाढ़ और तबाही मच जाती है। वर्तमान में प्रशांत महासागर में एक बहुत मजबूत अल नीनो विकसित हो रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह 1982, 1997 और 2015 में आए अल नीनो के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है। इसके असर से मध्य अमेरिका में सूखा गहरा रहा है और इंडोनेशिया के जंगलों में भयानक आग लग रही है।

हमें तुरंत संभलने की जरूरत है

अध्ययन की मुख्य लेखिका जूलिया कोल का कहना है कि हमारे कोरल अतीत में झांकने की टाइम मशीन हैं, भविष्य की नहीं. लेकिन जो ट्रेंड हम आज अपनी आंखों से हर दिन देख रहे हैं, वह इस बात का सबूत है कि धरती का गर्म होना अब एक गंभीर संकट बन चुका है।

1,000 साल पुराने समुद्री मूंगों ने खोला अल नीनो का खौफनाक राज

हमारी पृथ्वी का मौसम बहुत तेजी से बदल रहा है। वैज्ञानिक लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि क्या इंसानों द्वारा फैलाया जा रहा प्रदूषण और ग्लोबल वॉर्मिंग अल नीनो जैसी समुद्री घटनाओं को और ज्यादा खतरनाक बना रहा है। हाल ही में मशहूर 'साइंस' मैगजीन में प्रकाशित एक नए रिसर्च ने इस बात की पुष्टि कर दी है। वैज्ञानिकों ने गैलापागोस द्वीप समूह में पाए जाने वाले 1,000 साल पुराने कोरल यानी मूंगे के कंकालों का अध्ययन किया है। इस अध्ययन से पता चला है कि इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन से पहले की तुलना में आज का अल नीनो कहीं ज्यादा उग्र और विनाशकारी हो चुका है। यह समुद्री बदलाव 1982, 1997 और 2015 में आए ऐतिहासिक अल नीनो से भी कहीं ज्यादा खतरनाक और विनाशकारी साबित हो सकता है।

फैला रही अंधेरे गांवों में उजाला!

इंजीनियर बनी इस जनजाति की महिलाएं गांव-गांव लगा रही सोलर पैनल

डोमोमा। तंजानिया की मसाई जनजाति सदियों से अपनी पारंपरिक जीवनशैली के लिए जानी जाती है। ये लोग मुख्य रूप से पशुपालन पर निर्भर रहते हैं, रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मॉडर्न दुनिया से काफी दूर अपनी संस्कृति संजोए हुए हैं। लेकिन, अब इस जनजाति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। मसाई समुदाय की महिलाएं अब सोलर इंजीनियर बन रही हैं। वे खुद ट्रेनिंग लेकर दूर-दराज के गांवों में सोलर पैनल लगा रही हैं और उन इलाकों में उजाला फैला रही हैं जहां आज तक बिजली की सुविधा नहीं पहुंच पाई थी। यह कहानी सिर्फ सोलर एनर्जी की नहीं है। यह महिलाओं के सशक्तीकरण, स्थानीय नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की कहानी है। पहले ये महिलाएं घर और परिवार तक सीमित रहती थीं। अब वे तकनीकी कौशल सीखकर पूरे समुदाय की जिंदगी बदल रही हैं। ये महिलाएं अब तक दर्जनों गांवों में रोशनी पहुंचा चुकी है और यह सिलसिला जारी है। मसाई जनजाति पूर्वी अफ्रीका में तंजानिया और केन्या के इलाकों में पाई जाती है। इनकी आबादी लाखों में है और ये अर्ध-खानाबदोश जीवन जीते हैं।



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लंबी टांगों वाली महिला के नाम से हुई मशहूर, घूर-घूर कर देखते हैं लोग

न्यूयार्क। दुनिया में ऊंची महिलाओं को हमेशा खास नजरों से देखा जाता है। 6 फीट 10 इंच यानी करीब 208 सेंटीमीटर लंबी नैंसी मुल्के भी इससे अछूती नहीं हैं। टेक्सास अमेरिका की रहने वाली ये बास्केटबॉल प्लेयर और कोच अपनी लंबी टांगों और कद के कारण सोशल मीडिया पर काफी फेमस हो गई हैं। लोग उन्हें घूर-घूर कर देखते हैं और निजी जिंदगी को लेकर सवालों की बौछार कर देते हैं। नैंसी ने हाल ही में अपने अनुभव शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी ऊंचाई के कारण अजनबी लोग भी बिना झिझक सवाल पूछ लेते हैं। सबसे ज्यादा परेशान करने वाला सवाल होता है – 'आपके माता-पिता कितने लंबे हैं?' नैंसी कहती हैं कि ये सवाल सुनते ही लगता है जैसे कोई जेनेटिक्स डॉक्यूमेंट्री का इंटरव्यू ले रहा हो। फिर तो सवालों का सिलसिला शुरू हो जाता है।



लव लाइफ पर करते है अटैक : ऊंचाई के साथ लव लाइफ को लेकर भी सवाल आम हैं। लोग पूछते हैं कि इतनी लंबी होने के कारण डेटिंग में दिक्कत तो नहीं होती. या फिर उन्हें छोटे लड़के पसंद हैं या लंबे? नैंसी ने इस पर भी साफ बात कही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई ऐसे पुरुषों से मुलाकात की है जो उनसे छोटे हैं, लेकिन उनमें कॉन्फिडेंस कहीं ज्यादा है।

पूछते हैं ऐसे-ऐसे सवाल

नैंसी से कई तरह के सवाल किये जाते हैं। इसमें भाई-बहन कितने लंबे हैं, पांचवी कक्षा में आपकी ऊंचाई क्या थी, जूते का साइज कितना है जैसे सवाल आ जाते हैं। कभी-कभी तो पूरा पारिवारिक मेडिकल हिस्ट्री बताना पड़ जाता है। नैंसी ने इंस्टाग्राम पर अपने 2 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स से कहा कि काश लोग लंबी महिलाओं से ये सवाल पूछना बंद कर दें। समझ में आता है कि जिज्ञासा होती है लेकिन ये थका देने वाला हो जाता है। पोस्ट में किसी ने कहा कि लाल बाल वालों से भी ऐसे ही सवाल पूछे जाते हैं कि बाल किससे मिले? किसी ने मजाक में लिखा कि सिर्फ इतना पूछो कि 10 फीट ऊंची छत का बल्ब बदल सकती हो क्या?

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़,
होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

SAVE UN-LIMITED
साड़ियाँ
20 % छूट
साथ में सूटिंग्स, शर्टिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स सलवार सूट्स, मैचिंग्स, बेड शीट्स टॉवेल, नेपकीन आदि पर भी छूट का लाभ उठावें।
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com